e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 74

**सुविचार**
वक्त अगर सही है तो सब अपने है, वरना कोई नहीं!

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
18.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

### रोजा का समय
इफ्तार (18.03.25) : शाम 6.00 बजे
सेहरी (19.03.25) : सुबह 4.32 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

5 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन

# न्यूजीलैंड के साथ रक्षा व सुरक्षा साझेदारी मजबूत : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए रविवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर ने हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। इसके बाद प्रेस मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा कि लक्सन भारत से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। उनके भारत के मूल के लोगों प्रति लगाव को भी इस तरह से देखा जा सकता है कि उनके साथ एक कम्यूनिटी डेलिगेशन भी भारत आया है।


उनका रायसीना डायलॉग का मुख्य अतिथि होना हमारे लिए खुशी की बात है। हमने अपने द्विपक्षीय पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने का निर्णय लिया है। रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जाएगा। हिंद महासागर में हमारी नौसेनाएं मिलकर काम कर रही है। न्यूजीलैंड की सेना का जहाज दो दिन में मुंबई में पोर्ट कॉल कर रहा है। दोनों देशों के बीच एक परस्पर लाभकारी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर नेगोशिएशन करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्यापार और निवेश के पोटेंशियल को बढ़ावा मिलेगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के साथ भारत आए बड़े डेलिगेशन को भारत में नई संभावनाओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। क्रिकेट हो या हॉकी, या माउंटेनरी, दोनों देशों के बीच खेलों में पुराने संबंध हैं। हमने स्पोर्ट्स साइंस, साइकोलॉजी और मेडिसीन में भी सहयोग पर बल दिया है।साल 2026 में दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल मनाने का निर्णय लिया गया है। यूपीआई कनेक्टिविटी, डिजिटल ट्रांजेक्शन, और टूरिज्म बढ़ाने पर भी बल दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में हमारे पुराने संबंध हैं। हम न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश एकमत

आतंकवाद के खिलाफ हम दोनों एकमत हैं। चाहे 15 मार्च 2019 का क्राइस्ट चर्चा आतंकी हमला हो या 26 नवंबर 2008 का मुंबई हमला, आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। आतंकवादी, अलगाववादी और और कट्टरपंथी लोगों के खिलाफ हम मिलकर काम कर रहे हैं। इस संबंध में हम न्यूजीलैंज में कुछ गैर कानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोध गतिविधियों पर हमने अपनी चिंता साझा की है। हमें विश्वास है कि इन सभी गैर कानूनी तत्वों के खिलाफ हमें न्यूजीलैंड सरकार का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। फ्री, ओपन, सिक्योर और प्रॉस्परश इंडो-पैसिफिक का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विकासवाद की नीति में विस्वास रखते हैं, विस्तारवाद में नहीं।

### 20 मार्च तक भारत का दौरा

दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने लक्सन का स्वागत किया। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में मंत्री, सांसद, दिग्गज उद्योगपति और भारतीय समुदाय के कुछ प्रमुख लोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री के रूप में लक्सन अपनी पहली भारत यात्रा पर 16 से 20 मार्च तक भारत आये हैं। लक्सन ने पिछले सप्ताह कहा था,मैं एक अधिक व्यापक आर्थिक साझेदारी करना चाहता हूं और यह देखना चाहता हूं कि हम इसे कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा,मैं इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हूं कि हम भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों में बड़ा बदलाव लाएंगे।



### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत महत्वपूर्ण ताकत

न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री ने भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ताकत भी बताया। लक्सन ने कहा कि व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा करने से व्यापार और व्यवसाय के अवसरों को बढ़ाने में मदद मिलेगी और न्यूजीलैंड को एक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा मिलेगा। लक्सन वेलिंगटन लौटने से पहले 19 से 20 मार्च तक मुंबई का भी दौरा करेंगे।

### भारत को बताया महत्वपूर्ण देश

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद,न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने भारत को न्यूजीलैंड की समृद्धि, सुरक्षा और समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, भारत न्यूजीलैंड के लोगों के लिए बहुत बड़ा आर्थिक अवसर प्रदान करता है। इसीलिए मैं यहां आया हूं और मैं अपने साथ व्यापार और समुदाय के नेताओं का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल लेकर आया हूं। यात्रा से कुछ दिन पहले, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रयास करेंगे और द्विपक्षीय सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीके तलाश करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के 4 सदस्य गिरफ्तार

### ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं होगा : अमित शाह



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। 88 करोड़ रुपये की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त करने और अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को बधाई देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा कि ड्रग्स की बड़े पैमाने पर हुई यह बरामदगी जांच के लिए अपनाए जा रहे बॉटम टु टॉप और टॉप टु बॉटम अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा,ड्रग कार्टेल के लिए कोई रहम नहीं। मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए, 88 करोड़ रुपये की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल एवं गुवाहाटी जोन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। ड्रग की यह खेप जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है। ड्रग्स की हमारी तलाश जारी है। एनसीबी की टीम को हार्दिक बधाई।पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर एनसीबी इम्फाल ज़ोन के अधिकारियों ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स,केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं। ट्रक में सवार दो लोगों को पकड़ा भी गया।

**केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा कि ड्रग्स की बड़े पैमाने पर हुई यह बरामदगी जांच के लिए अपनाए जा रहे बॉटम टु टॉप और टॉप टु बॉटम अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा,ड्रग कार्टेल के लिए कोई रहम नहीं। मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए, 88 करोड़ रुपये की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल एवं गुवाहाटी जोन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।**

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री धामी ने किया एलबम का विमोचन

**देहरादून :** आदर्श संस्था के तत्वावधान में तैयार देवभूमि मा औली बहार गीत एलबम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विमोचन किया। इस एलबम में विजेंद्र सिंह बर्तवाल और उत्तम सिंह भंडारी ने स्वर दिया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म और गीत-संगीत की शूटिंग के लिए बेहतरीन स्थल उपलब्ध हैं, जिससे देश-विदेश से कलाकार और निर्माता आकर्षित हो रहे हैं। गीत एलबम के गीतकार सत्यपाल सिंह भंडारी हैं, जबकि संगीत निर्देशन शैलेंद्र शैलू और दिलीप अंजवाल ने किया है। अभिनव उत्तम सिंह भंडारी और हरीश कोठारी द्वारा किया गया है, जबकि एलबम के प्रोड्यूसर उत्तम सिंह भंडारी हैं।इस कार्यक्रम में आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी, सचिव हरीश कोठारी, सिद्धार्थ वासन, भावना सभरवाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 8 से 15 अप्रैल तक होगा दाड़ी का धुम्मू शाह मेला, प्रशासन ने कसी कमर

**धर्मशाला :** धर्मशाला के दाड़ी में इस वर्ष 8 अप्रैल को झंडा रसम के साथ धुम्मू शाह मेले का भव्य आगाज होगा। 8 से 15 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में 9 अप्रैल को छोटी माली, 10 अप्रैल को बड़ी माली, 11 अप्रैल को पुरस्कार वितरण तथा 12-13 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेला अधिकारी व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि यह मेला आठ अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले में कुश्तियों सहित बच्चों के लिए झूले इत्यादि लगाए जाएंगे जिससे सभी लोग इसका भरपूर लुत्फ उठा सकें। इसके अलावा लोगों के मनोरंजन के लिए दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि दाड़ी में होने वाला धुम्मू शाह मेला क्षेत्र के बड़े उत्सवों में से एक है और इसमें लगभग पूरे धर्मशाला सहित बड़ी संख्या में साथ के इलाकों के लोग भी आते हैं।

### मप्र के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के खुले जंगल में मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को छोड़ा गया

**श्योपुर :** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान के खुले जंगल में चीतों की संख्या बढ़ गई है। दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को कूनो के खजूरी पर्यटन जोन में सोमवार दोपहर खुले जंगल में छोड़ा गया। कूनो प्रबंधन इन चीतों को रिलीज किया। शावकों में दो नर और दो मादा हैं। छोड़े गए शावकों की उम्र एक साल से अधिक है। इसके बाद खुले जंगल में चीतों की संख्या बढ़कर 17 हो गई। अब बाड़े में केवल नौ चीते रह गए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा है कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्योपुर स्थित राष्ट्रीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता ऽगामिनीऽ और उसके चार शावकों को बाड़े से मुक्त कर राष्ट्रीय उद्यान में स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता की दृष्टि से दक्षिण अफ्रीका से प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्वास, देश ही नहीं अपितु एशिया महाद्वीप का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**रानीश्वर :** थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरमसिया पथ पर कदमा गांव के समीप रविवार की शाम पेड़ पर बाइक की जोरदार टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना मिलने पर रानीश्वर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लेकर सीएचसी भेजवाया जहां डा आजाद शेखर पंडित ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में चुड़का हेम्ब्रम व राजेश हांसदा 28 वर्ष है। दोनों शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भोक्ताडीह गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# सीजीएल के अंतिम परिणाम में गड़बड़ी का आरोप

### अभ्यर्थियों ने की फाइनल आंसर की जारी करने की मांग




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एसएससी सीजीएल फाइनल रिजल्ट 2024 के जारी होने के बाद से अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। वे एसएससी से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और फाइनल आंसर की जारी करने की मांग कर रहे हैं। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने हाल ही में एसएससी सीजीएल 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित किया, जिसमें 18,174 उम्मीदवारों ने जनवरी महीने में आयोजित टियर 2 परीक्षा को पास किया। इस भर्ती प्रक्रिया में टियर 1 लिखित परीक्षा, टियर 2 परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और कौशल परीक्षा शामिल थी।हालांकि, कई अभ्यर्थियों ने फाइनल रिजल्ट में गंभीर त्रुटियां उजागर की हैं, खासकर नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को लेकर। उनका आरोप है कि जिन उम्मीदवारों के अंक बहुत कम थे, उन्हें नॉर्मलाइजेशन के बाद अचानक ज्यादा अंक मिले, जिसे वे अनुचित और असंगत मानते हैं। कई छात्रों के अंक नॉर्मलाइजेशन के बाद अचानक बढ़ गए। एक उम्मीदवार को उसके अंक से 96.7 अतिरिक्त अंक मिले हैं।पारदर्शिता की मांग के साथ अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया पर #FinalAnswerKey हैशटैग के साथ एक ऑनलाइन आंदोलन शुरू किया है।

# झामुमो नेता ने घर में घुसकर मारी गोली, अरेस्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू) :** आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान हुए दो पक्षों में विवाद के बाद एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी. यह घटना रविवार की देर रात जिले के पाटन थाना क्षेत्र के निमियां गांव में हुई. जहां धीरेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति को गोली मारी गयी है. इस गोलीबारी में धीरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये. घायल धीरेंद्र सिंह को परिजन मेदिनीनगर एमएमसीएच ले गये. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया.इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस ने आरोपी विजय कुमार सिंह और झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह उर्फ चिंटू सिंह को हिरासत में लिया है.घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ चिंटू सिंह ने रविवार को दिन में होली के अवसर पर जिले के पाटन स्थित निमियां विद्यालय परिसर में ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया था. कार्यक्रम में दोनों पक्षों में विवाद हो गया. शाम में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले गये.आरोप है कि इसी दौरान रात के करीब 10 बजे विजय सिंह और रंजीत सिंह उर्फ चिंटू सिंह धीरेंद्र सिंह के घर पर पहुंचे और गोली मार दी.

# पुआल में खेल रहे थे 4 बच्चे, आग ने ले ली जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घटी. गीतिलिपि गांव में पुआल के ढेर में खेल रहे चार बच्चों की आग में जलकर मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई. पुआल में आग लगने के कारण भाई-बहन समेत चार बच्चों की जान चली गई. इन बच्चों की उम्र 2 से 5 साल के बीच थी. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों के शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटनास्थल पर पुलिस ने बताया कि मृतकों में 3 लड़के और एक लड़की शामिल हैं. मृत बच्चों में अर्जुन चातर के बेटे प्रिंस चातर (5),चंद्रमोहन सिंकू के पुत्र साहिल सिंकू (5), सुखराम सुंडी की बेटी भूमिका सुंडी (5) और बेटा रोहित सुंडी (2) शामिल है।।घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, बीडीओ सत्यम कुमार, सीओ मनोज मिश्रा और एएसआई अजय सिंह मौके पर पहुंचे. पूरे गांव में बच्चों की दर्दनाक मौत से शोक की लहर दौड़ गई. जिस गांव में यह घटना हुई, वह ओडिशा की सीमा से सटा हुआ है.

# संसद में किए गए सभी लंबित आश्वासन तीन महीने में किए जाएंगे पूरेः केंद्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में मंत्रियों द्वारा दिए गए आश्वासन को पूरा नहीं किए जाने का मुद्दा सोमवार को सदन में उठा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह ने सरकार पर संसद में दिए आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि 76 प्रतिशत किए गए आश्वासन पूरे नहीं किए। तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल मुरुगन ने बताया कि संसद के दोनों सदनों में 1311 आश्वासन पूरे नहीं किए गए हैं। इसमें राज्यसभा में 547 और लोकसभा में 764 आश्वासन लंबित हैं। सभी लंबित आश्वासन को तीन महीने के अंदर पूरे किए जाएंगे।संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब दिया कि संसद के दोनों सदनों में दिए गए 99 प्रतिशत आश्वासन पूरे किए गए हैं। आश्वासन को ट्रैक करने के लिए ऑनलाइन एश्योरेंस मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है। इससे आश्वासन को गंभीरता से लेते हुए उससे पूरा किया जाता है। सिस्टम लागू होने से पहले पेंडिंग रेट ज्यादा थे। उन्होंने कहा कि आश्वासन तीन महीने के अंदर पूरा होना चाहिए।

# अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमला करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** अमृतसर में मंदिर पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को सोमवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदिग्ध की पहचान गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपी गुरसिदक और विशाल की राजासांसी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी गुरसिदक को गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, यहां उसकी मौत हो गई। जबकि उसका साथी विशाल भागने में सफल रहा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के राजासांसी इलाके में घूमने के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिली थी। उन्हें हिरासत में लेने के लिए सीआईए और छेहरटा पुलिस के कर्मियों की एक टीम बनाई गई थी। इस पर पुलिस ने बाइक को रोकने की कोशिश की, बाइक सवार आरोपियों ने बाइक छोड़कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी।पुलिस के अनुसार,एक गोली कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के सिर पर लगी, एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर लगी और एक गोली पुलिस वाहन पर लगी।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला की मौत, दो युवक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव-बरडीहा थाना क्षेत्र के मझिआंव-कांडी मुख्य मार्ग पर कांडी-बरडीहा बॉर्डर के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने 30 वर्षीय रीमा देवी (पत्नी- प्रदीप राम, निवासी- श्रीनगर, हरिहरपुर ओपी क्षेत्र) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके दोनों बेटे राजू कुमार और रौशन कुमार का अस्पताल में इलाज चल रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतका रीमा देवी अपने बेटों के साथ मोटरसाइकिल से बरडीहा से श्रीनगर स्थित अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान लमारी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा स्वास्तिक छाप ईंट लोडेड महिंद्रा ट्रैक्टर बेकाबू होकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मझिआंव-कांडी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। डेढ़ से दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद, इंट भट्ठा मालिक और मृतका के परिजनों के बीच मुआवजे को लेकर सहमति बनी, जिसके बाद जाम हटाया गया।घटना की जानकारी मिलते ही बरडीहा और कांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर व बाइक को जब्त कर लिया। बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और मामले की गहन जांच की जा रही है।

## हुसैनाबाद सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक की स्थिति नाजुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क के ग़महरबिगहा गांव के समीप शुक्रवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सबानो तकेया गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ मेहता के पुत्र व न्यू वनांचल हॉस्पिटल के संचालक शशि रंजन मेहता उर्फ माही 35 वर्ष संढा गांव के समीप दुकान में अपने मित्र हरिनंदन मेहता से मुलाकात कर वापस अपने बाइक से घर लौट रहे थे, इसी क्रम में जपला की ओर से बाइक सवार से आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में हॉस्पिटल संचालक के भाई की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि दूसरा बाइक सवार सिकनी गांव निवासी लखन यादव का पुत्र गुड्डू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने शशि रंजन



मेहता उर्फ माही को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल गुड्डू यादव को उसके परिजनों ने मेदिनीनगर सदर अस्पताल मे भर्ती कराया, घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया, घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा गया। वहीं उसके परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। देर रात होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने में चिकित्सक तैयार नहीं थे।

## मृतक के परिजन को विधायक के सौजन्य से किया गया सहयोग



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-पंचायत परती कुशवानी निवासी 70 वर्षीय मृतक विभा कुंवर की भोज व श्रद्धा कार्य को करने के लिए क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) के सौजन्य से आर्थिक सहयोग किया गया है। गौरतलब हो कि मृतक का परिजन आर्थिक रूप से कमजोर एवं निर्धन परिवार है जिसे ध्यान में रखकर विधायक के द्वारा सहयोग किया गया है। इस मौके पर मृतक का पुत्र सुबाई सिंह दिनेश कुमार वर्मा सुरेश साह शिव साह दीपक यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कटीला तार की चोरी, मामला दर्ज

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड के आ रेदाना वन क्षेत्र नदी के निकट तट पर वन क्षेत्र में पौधा के बचाव के लिए कटीला तार का घेराव किया गया था। जिसकी लागत तीस से चालीस हजार की बीच की बताई जाती है।जिसको अज्ञात चोरों के द्वारा कटीला तार को चोरी कर लिया गया। इस संबंध में वन विभाग के कर्मियों के द्वारा पाटन थाना को आवेदन देकर सूचित किया है। चोरी की घटना से संबंधित मामले में थाना प्रभारी आनंद कुमार में बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। अज्ञात चोरों के खिलाफ छानबीन की जाएगी।

### प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

## अच्छे फसल उत्पादन करने के लिये जैविक खाद का प्रयोग करें : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग पलामू के सौजन्य से सोमवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, उप प्रमुख इंदु देवी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया, मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की कृषि के क्षेत्र में किसान बेहतर कार्य कर रहे. किसानों को बेहतर कृषि करने के लिऐ प्रशिक्षण देने की जरूरत है. प्रशिक्षण का लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं. कृषि और किसानों के लिये सरकार कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही हैं, कार्यक्रम की अध्यक्षता बीटीएम हरिशंकर यादव ने की संचालन पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया, मौके पर किसान मित्र के अलावा सैकड़ों अधिक किसान मौजूद थे।

## दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर प्रचार प्रसार जोरों पर

### शामिल होंगे बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** नगर ऊंटरी अनुमंडल क्षेत्र में आयोजित होने वाला प्रसिद्ध श्री बंशीधर महोत्सव आगामी 19 और 20 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव सहित अन्य शामिल होंगे।महोत्सव के प्रचार-प्रसार को लेकर केतार क्षेत्र में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा पोस्टर, बैनर और सोशल मीडिया के माध्यम से महोत्सव की जानकारी दी




जा रही है। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य, झारखंडी लोकगीत और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, क्षेत्रीय कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध लोकगायक भी अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव समिति के अनुसार, यह आयोजन क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक महत्व को उजागर करने के लिए किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भी इस उत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## ज्ञान महायज्ञ की गुरी में आज निकलेगी कलश शोभा यात्रा, तैयारी पूरी



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम में ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा को लेकर मंगलवार को कलश शोभा यात्रा निकाला जायेगा. जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है.महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले महायज्ञ की शुरुआत 18 मार्च को कलश शोभा यात्रा के साथ हो जायेगी.26 मार्च को भंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी.इस दौरान प्रतिदिन सायंकाल में गौरव कृष्ण पाठक श्रीमद्भागवत का कथा कहेंगे. इसके अलावा अयोध्या नगरी के स्वामी अनंताचार्य जी महाराज शिवपुराण का कथा सुनायेंगे.उन्होंने बताया कि महायज्ञ का आयोजन रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा किया गया है, जिसमे स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. श्री मिश्रा ने आम लोगों से महायज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया है. मौके पर महायज्ञ कमेटी के विनोद पाठक, अनिल मिश्रा, शिवराज मिश्रा, अमित पाठक, राजन मिश्रा, सोनू तिवारी, मणिकांत पाठक, पंकज तिवारी, राधा कृष्ण मिश्रा, कर्मदेव यादव, संजय चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों की मनमानी से बच्चों का भविष्य अंधेरे में




**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा का अधिकार देश के प्रत्येक बच्चे को प्राप्त है। स्कूलों में बच्चों को जोड़ने के लिए उन्हें पुस्तकें दी जाती हैं। वहीं स्कूल ड्रेस भी सरकार की तरफ से दिया जाता है। बच्चे भूखे पेट रहेंगे तो उनको शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई आएगी इसके लिए मध्याह्न भोजन भी संचालित किया जाता है। इसके बावजूद शिक्षा व्यवस्था में आपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। ऐसा ही हाल बांसडीह पंचायत के न्यू प्राथमिक विद्यालय इंद्रानगर में चले रहे प्रथम पाली में छात्र छात्राओं का परीक्षा जो सोमवार को बच्चों का परीक्षा लेने के बाद शिक्षक बच्चों को छूटी कर दिए और विद्यालय को खुला अवस्था में छोड़कर लंच करने घर चले गए थें। जहां शिक्षक जवाहर राम व पवन कुमार से दूरभाष द्वारा बात हुई तो उन्होंने कहा कि का बच्चों का प्रथम पाली की परीक्षा हो जाने के बाद लंच करने दोनों शिक्षक घर चले आए हैं लंच करने के बाद विद्यालय में आते हैं।इस संदर्भ में जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो जांच के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जानकारी देते हैं जांच प्रतिवेदन के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। इधर इस मामले में प्रखंड संकुल साधनसेवी रेणु कुमारी ने कहा कि शिक्षक द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा व मध्यान भोजन बच्चों को कराने की फ़ोटो ग्रुप में डाले हैं आगे की मुझे जानकारी नहीं हैं।

## सीएचओ, सहिया व सहिया-साथी को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में सोमवार को सक्रिय यक्ष्मा रोग खोज अभियान 2025 के सफल संचालन के लिये आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोइन्दी, बिशुनपुरा, जतपुरा, मड़वनिया, सपही, कुम्बाखुर्द तथा हलिवंता कला के सीएचओ, बीटीटी, सहिया साथी तथा सहिया को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुनील कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सुनील कुमार ने प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों को बताया कि संबंधित गांव में सहिया के द्वारा घर-घर भ्रमण कर संभावित यक्ष्मा रोगियों का खोज किया जाना है। उन्होंने यक्ष्मा रोग के लक्षण की जानकारी विस्तार से दिया।उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरुआत आगामी 19 मार्च को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभियान का समापन आगामी 31 मार्च को होगा।उन्होंने कहा कि संभावित टीवी मरीजो की पहचान कर जांचोपरांत उनका समुचित इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जायेगा। प्रशिक्षण में सीएचओ रजनीश कुमार सिंह, प्रियंका प्रियम, नवीन कुमार, एसटीटी सुभाष कुमार, बीटीटी संजय कुमार गुप्ता सहित सभी सहिया-साथी व सहिया उपस्थित थे।

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी करेंगे बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल एवं मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव को विचार-विमर्श के लिए आमंत्रित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शशि रंजन द्वारा 19 मार्च 2025 को अपराह्न 01:30 बजे से समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल एवं मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से निर्गत महत्वपूर्ण दिशा-निदेशों से अवगत कराया जायेगा। साथ ही महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श होगा। विदित हो कि भारत के चुनाव



आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक इआरओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन द्वारा बैठक आयोजित की जा रही है। इससे पहले 4 एवं 5 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## महावीर नवयुवक दल जनरल की हुई बैठक, चंदू बने अध्यक्ष



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर नवयुवक दल जेनरल की आम बैठक महाबीर मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शत्रुघ्न प्रसाद ने किया। इस दौरान रामनवमी पूजा महोत्सव मनाने को लेकर पदाधिकारी का चयन किया गया। पिछले वर्ष की आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। लगातार छठी बार चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महामंत्री पद के लिए नितेश कुमार कमलापुरी का चयन किया गया। धूम धाम से राम नवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया ।उपाध्यक्ष अमित कुमार,कोषाध्यक्ष ज्योति कुमार को बनाया गया मंत्री विकाश कुमार, धर्मप्रकाश, छोटेलाल, मोहित कुमार सुचना मंत्री धमेन्द्र नागा, विवेक कुमार सागर कुमार, मिडिया प्रभारी सोम कुमार अनुज कुमार, प्रधान कैप्टन विनोद प्रसाद, लालमनी प्रसाद खकनू प्रसाद कुंदन कुमार मकडू प्रसाद और मुख्य संरक्षक शैलेंद्र कुमार शैलू विजय प्रमुख आनंद प्रसाद शिवनाथ साव बनाए गए।, रिंकू कुमार, संदीप कुमार विकाश कुमार सुमित कुमार अमित राधे सदस्य बनाए गए।अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर चंदू जी ने सभी का आभार जताया। अध्यक्ष श्री चंदू ने कहा कि इस बार भव्य सजावट एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अखाड़ा में शामिल भक्तों को सम्मानित किया जाएगा अस्त्र-शास्त्र वह झांकियां की प्रस्तुति की जाएगी। चैनपुर का एक अलग पहचान है। शोभायात्रा निकलने में जेनरल से सम्पर्क करने की बात कहीं। राम नहीं पूजा में सभी का सहयोग जरूरी है और जनरल की ओर से सहयोग भी किया जाएगा।बैठक में विनोद कमलपुरी अमित सोनी राहुल कुमार उमेश प्रसाद अरविन्द कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## पांच कुंडीय रुद्र श्री विष्णु महायज्ञ की तैयारी पूर्ण 19 मार्च से कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड मुख्यालय सगमा स्थित तेजवा पहाड़ पर आगामी बुधवार से पांच कुंडीय रुद्र विष्णु महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के लोगो में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुये महायज्ञ के अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ने महायज्ञ के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया की सौभाग्य की बात है की सगमा के रमणीक स्थल तेजवा पहाड़ पर चक्र माधव गदा माधव मंदिर प्रयाग राज के महंत श्री अवधेश दास महराज के नेतृत्व में श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है।आगामी बुधवार से इसका शुभारंभ होने जा रहा है। नौ दिवसीय उक्त महायज्ञ में प्रयाग राज हरिद्वार काशी के विद्वानों के द्वारा राम कथा होगा। साथ ही रात्रि में श्री धाम वृंदा वन के नाट्य मंडली द्वारा श्री कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा।



इस दौरान श्री राम चरित मानस नवाह पारायण श्री मद भागवत गीता पारायण, श्री भागवत पारायण, श्री विष्णु सहस्त्र नामके पाठ, श्री दुर्गा पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। महा यज्ञ का कार्यक्रम 19 मार्च दिन बुधवार को कलश यात्रा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अखंड कीर्तन से शुरू किया जाएगा। साथ ही चौबीस घंटे अभिषेक,20 मार्च को अग्नि मंथन, 27 सताइस मार्च को पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया की बीस मार्च से दो बजे दिन से शाम पांच बजे तक प्रयागराज हरिद्वार काशी से पधारे विद्वानों के द्वारा राम कथा होगा। जबकि रात्रि आठ बजे से बारह बजे रात्रि तक वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा रास लीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि उक्त पवन अवसर पर महायज्ञ को सफल बनाने के साथ पुण्य का भागी बनने के लिये अवश्य पधारे।

## बंशीधर महोत्सव में होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बहुप्रतीक्षित राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2025 का आयोजन 19 और 20 मार्च को धूमधाम से किया जायेगा। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य बनाने के लिए कलाकारों का चयन कर लिया गया है। दो दिवसीय इस महोत्सव में कला, संगीत और भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां होंगी।महोत्सव का शुभारंभ आर्यन महाकाल (राधे कृष्णा एंट्री) की भक्ति प्रस्तुति से होगा। इसके बाद श्री बिपिन मिश्रा एंड ग्रुप और न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र की लोक कला से सजी प्रस्तुतियां होंगी।शाम को भक्ति और मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। आर्यन महाकाल द्वारा कृष्ण लीला, भोजपुरी सिंगर अनुपमा यादव की प्रस्तुति और इंडियन आइडल फेम पूजा चटर्जी का लाइव परफॉर्मेंस दर्शकों को




मंत्रमुग्ध करेगा। रात को इंडियन आइडल 10 के विजेता सलमान अली अपनी सुरीली आवाज़ से समां बांधेंगे। दूसरे दिन की शुरुआत गंगा आरती (वाराणसी की प्रसिद्ध गंगा आरती टीम) के दिव्य आयोजन से होगी। इसके बाद इंडियन सीबी म्यूजिकल सिंगर शशांक शेखर और मानभूम संस्कृति समिति (पाकुड़ नृत्य) अपनी प्रस्तुतियां देंगे।शाम को हास्य और संगीत का जबरदस्त तड़का लगेगा। मशहूर कॉमेडियन राजीव निगम दर्शकों को हंसी से लोटपोट करेंगे। फिर बॉलीवुड सिंगर जॉली मुखर्जी, रजत आनंद और विजेता सा रे गा मा पा हेमंत बृजवासी अपनी गायक प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीतेंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे कार्यक्रम स्थल को खूबसूरत सजावट से संवारने के साथ-साथ सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में 20 तक मौसम में जारी रहेगा उतार- चढ़ाव

**रांची :** झारखंड में 20 मार्च तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। राज्य के किसी जिले में धूप तो किसी मे हल्की बारिश होगी। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च को कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि 20 मार्च को दक्षिणी, उत्तर-पश्चिमी तथा इससे लगे राज्य के मध्यवर्ती जिलों में हल्की बारिश होने की सम्भावना है। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाए रहे। बादल की वजह से तापमान में एक डिग्री की कमी हुई। रांची में अधिकतम तापमान 36.6 और न्यूनतम तापमान 20.6, जमशेदपुर में 40.6 और 21.8, डालटेनगंज में 37.6 और 20.2 तथा बोकारो में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आदिवासी और मूलवासी विरोधी है राज्य सरकार : नायक

**रांची:** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि होली के दिन जोरार नामकुम में हुई हिंसक घटना पुलिस प्रशासन की अक्षमता को साबित करता है द्य मामले में प्रशासन ने गैर झारखंडी उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर सिर्फ आदिवासी मूलवासी लोगों के विश्वास जीतने का ढोंग रचने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद रहती तो यह घटना ही नहीं होती द्य नायक ने सोमवार को कहा कि यदि पुलिस आदिवासी और मूलवासी समाज का विश्वास जितना चाहती है तो इरादतन हत्या के आरोप में अपराधियों पर मुक़दमा दर्ज कराए तो ही सोनू मुंडा के परिजनों को न्याय मिल सकता है।

# डीसी ने शहर में ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा की जिला प्रशासन आम जनों की शिकायत, विधि-व्यवस्था, सरकारी भूमि पर कब्जा, ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण, जन शिकायत कोषांग में आए शिकायतों का तेज गति से निष्पादन, भूमि विवाद, लंबित दाखिल खारिज एवं अन्य मामलों के त्वरित गति से निष्पादन को लेकर काफी गंभीर है। इसके लिए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को अपनी प्रतिबद्धता दिखानी होगी तथा सभी मामलों में संवेदनशील रहना होगा।

**ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों को लेकर लगातार अभियान चलाने के निर्देश:** बैठक में उपायुक्त रांची ने गंभीरता पूर्वक सम्बंधित अधिकारी से कहा की शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलें बहुत आ रहें है, जिसके कारण बहुत मौते हो रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाने के निर्देश के निर्देश दिए गए। ताकि इन मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकें। बैठक में उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से कार्यालय ससमय आए एवं आम लोगों की शिकायतों को संजीदगी से सुने।

**अबुआ साथी में आए शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश:** उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को विशेष रूप से कहा की अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन में तेजी लाए ताकि



आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहें। कार्यालयों में दलाल,बिचौलिया किसी भी परिस्थिति में ना आए यह सम्बंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से ध्यान दे। साथ ही ऐसे तत्वों पर जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई भी करेगा। आम जन भी ऐसी शिकायत को सीधे तौर पर जिला प्रशासन को अबुआ साथी में भी कर सकते है। जिला प्रशासन दलाल बिचौलिया पर कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके लिए सतत निगरानी भी रखी गई है।

**शहर में ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश:** बैठक में उपायुक्त द्वारा विशेष रूप से सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की रांची शहर और आस-पास क्षेत्रों से शिकायत प्राप्त होती है, की बियर बार, रेस्टोरेंट, बैंक्विट हॉल एवं अन्य जगहों में ध्वनि प्रदूषण उल्लंघन बहुत होते है। इसपर उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत आमजन टॉल फ्री न. 112 में कर सकते है। साथ नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर अपनी शिकायत कर सकते है।

**भूमि विवाद के मामलों को दूर करने के लिए सेल बनाने पर चर्चा:** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कई तरह के भूमि सम्बंधित मामलें लगातार आते है। जिसको दूर करने को लेकर उपायुक्त द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भूमि विवाद के मामलों को दूर करने के लिए सेल बनाने को लेकर चर्चा किया। इसमें सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले, सरकारी भूमि पर कब्जा, भूमि से जुड़े फर्जीवाडा अन्य अपराधों को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाए कानून का पालन एवं अन्य मामलों को देखेगी। इससे आम लोग जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से भूमि लिया है, उनकी भूमि को दलाल से बचाया जा सकें। साथ ही सरकारी भूमि पर कब्जा किए लोगों पर भी सीधे कार्रवाई की जा सकें। जानकारी हो की जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस तरह की बैठक वरीय पदाधिकारियों के साथ हमेशा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए जाते है। साथ में समय-समय पर इसकी समीक्षा भी किया जाता है। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह एवं अन्य सम्बंधित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जेसीआई के प्रोजेक्ट प्रयास के तहत मुफ्त मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन

**रांची।** जेसीआई रांची ने इस महीने के कम्युनिटी प्रोजेस्ट प्रयास में समफोर्ड अस्पताल के द्वारा मुफ्त मेडिकल कैंप अपने लाइन टैंक रोड स्थित कार्यालय में आयोजित किया। इस कैंप में अस्पताल के सीनियर डॉक्टर्स मौजूद थे जिनमें जाने माने डॉ दीपक कुमार (जनरल फिजिशियन), डॉ शशि रंजन (न्यूरोसर्जन) व आई चेकअप टीम और एक डायटिशियन भी मौजूद थे। डॉ कीर्ति वंदना (डेंटिस्ट) ने भी विशेष सहयोग दिया।कैंप में 80 से ज्यादा आम जनता ने लंग फंक्शन टेस्ट, ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग टेस्ट, डायबिटीज स्क्रीनिंग, आई चेकअप और अन्य टेस्ट मुफ्त में करवाए।जेसीआई रांची का लक्ष्य इस कैंप को ले कर आम लोगों में स्वस्थ के प्रति जागरूकता और अपने अच्छे स्वस्थ को बढ़ावा देना था।इस कार्यक्रम के संचालक जेसी विकास राज व तपिश केडिया ने सफलता पूर्वक कार्य संपन्न किया।संस्था के सदस्यों ने आए डॉक्टर्स का स्वागत सम्मान किया।

# श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की पहली मंगलवारी शोभा यात्रा आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मंगलवार को श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में पहली मंगलवारी शोभा यात्रा बहुत ही धूमधाम के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। संध्या 7:00 बजे तीन जगह से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पहले शोभायात्रा घाघरा शांति रानी स्कूल होते हुए विद्युत बोर्ड कॉलोनी कुम्हार टोली, 56 सेठ, होते हुए तुलसी चौक पहुंचेगी। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला ,पत्थर रोड, होते हुए भवानीपुर काली मंदिर रोड, कन्या पाठशाला, कसाई मोहल्ला, होते हुए यूनुस चौक पहुंचेगी। तीसरा शोभा यात्रा एजी कॉलोनी, एजी मोड , मिस कोर्ट मैदान, कटहल कोचा, झंडा चौक, बाजार मोहल्ला ,यूनिस चौक, में मिलन होगा वहां से तुलसी चौक पहुंचकर घाघरा के जुलूस को लेते हुए शिव मंदिर महावीर मंदिर पहुंचेगी जहां पूजा अर्चना के उपरांत सभी शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग होते हुए अपने-अपने अखाड़े को लौटेंगे।

### श्री महावीर मंडल का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

रांची। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची की वार्षिक बैठक संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब राँची सम्पन्न हुई । बैठक में वर्ष 2025 श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री महावीर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ा के उस्ताद एवं खिलाड़ियों को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा एवं सभी अखाड़ो के नेतृत्वकर्ता एवं उस्तादों को सम्मानित किया जाएगा । राजीव रंजन मिश्रा , संजय सेठ (सांसद) , डॉ प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद) , दीपक प्रकाश (राज्यसभा सांसद) एवं वरिष्ठ समाजसेवी किशोर साहू को मुख्य संग्रक्षक बनाया गया । संरक्षक ‑ शंकर दुबे , प्रणय कुमार ,विनय सरावगी , रमेश सिंह , लंकेश सिंह। संयोजक‑ गोपाल पारीक , संदीप वर्मा ,रंजीत उरांव , अभिषेक कुमार ,अध्यक्ष- राम अनुज सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष- रमेश केडिया, मंत्री- बंटी सिंह ,उपाध्यक्ष- विशाल मिश्रा ,दीपू गाड़ी , नंद किशोर चांगल , मनोज शर्मा,सह-मंत्री- प्रकाश पाल , गोपाल चांगल , रंजीत चौरसिया , इंदर सिंह , राजू सिंह , मनीष कुमार , राजू पोद्दार,प्रचार-मंत्री - अरविंद सिंह, सह-प्रचार-मंत्री- पिंटू चांगल,उस्ताद, छोटू वर्मा।

## पेट्रोल पंप के पास से शुरू होती है जाम की समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** कांटा टोली चौक एक समय जाम के लिए जाना जाता था , लेकिन फ्लाईओवर निर्माण होने के बाद कांटा टोली चौक में अब वाहनों की जाम नहीं लगती है, लेकिन टाटा पुरुलिया रोड स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलने वाली बसों के कारण खादगढ़ा बस स्टैंड के मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास से लेकर कांटा टोली के यूनियन बैंक तक वाहनों की लंबी लाइन लग जा रही है। खासकर सुबह 10ः00 बजे से लेकर 12ः00 और शाम चार बजे के बाद वाहनों की लंबी लाइन देखी जा सकती है। सोमवार को करीब 2ः00 बजे तक रुक रुक कर जाम की स्थिति बनी हुई थी और यह जाम पेट्रोल पंप से लेकर रिफ्यूजी कॉलोनी तक लगी रही । लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सोमवार को भी खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलती है, पेट्रोल पंप होते हुए टाटा रोड की तरफ जाने के लिए जैसे ही मूड़ती है तो वह रुक कर वहीं पर सवारी उठाने लगती है, जिस कारण से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है, बल्कि एंबुलेंस लेकर आम व्यक्ति भी परेशान होते हैं। अभी रमजान का महीना है यह रुट में भीड़ भाड़ा वाला है, बैंक, स्कूल आदि है। सड़क पर लोग सब्जी,फल खरीदने निकलते हैं इसलिए भी भीड़ रहती है ,बस भी सवारी लेने के चक्कर में रहती है, ऐसे में दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक बनी रहती है। इसलिए सुरक्षा को देखते हुए यातायात पुलिस को अभियान चलाने की जरूरत है । इस संबंध में ट्रैफिक एसपी से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि इस तरह की शिकायतें आ रही है, आपके अखबार के माध्यम अपील करते हैं कि बस चालक सड़क पर रोक कर सवारी ना उठाएं, बस स्टैंड पर सवारी ले और सीधे अपने गंतव्य की ओर बढ़ जाए, नहीं तो हमें आगे उचित कार्रवाई करेंगे।

## झारखंड में हेमंत सरकार की लोकप्रियता और धर्मनिरपेक्षता से डर गई है भाजपा : आलोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिडीह की घटना पर लोगों को भड़काकर सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देना चाह रहे हैं भाजपा के दो-दो पूर्व मुख्यमंत्री। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि हमारी सरकार में घटनास्थल पर विपक्ष के नेताओं को जाने की इजाजत दी जाती है,जबकि बीजेपी के शासन प्रदेशों में घटनास्थल पर जाने से पुलिस और ब्रैकेटिंग लगाकर विपक्ष को रोका जाता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अगर विपक्ष के नेता अगर घटनास्थल पर जा रहे हैं तो उनकी पहली कोशिश सामाजिक समरसता और सौहार्द बनाने की होनी चाहिए ना की ललकारने या भड़काने की कोशिश होनी चाहिए।उन्होंने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार की लोकप्रियता और धर्मनिरपेक्षता से डर गई है भाजपा और यह उसी घबराहट का परिणाम है कि झारखंड की लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने के लिए उलूल जलूल बयान बाजी कर रही है भाजपा। झारखंड में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ कर सरकार को अस्थिर करने की चाल को समझती है झारखंड की जनता और उनके किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगी झारखंड की जनता। दूबे ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रघुवर दास के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि झारखंड में शासन कानून और संविधान के इकबाल से चलेगा ना कि धर्म के ठेकेदारों से चलेगा। सच तो यह है रघुवर दास ने जिस प्रकार वहां के एसपी को धमकी दी है ऐसे में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए और उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए।

# डीसी ने दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने पर सीओ रातू को लगाई फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** क्या बात है...? म्यूटेशन केस आपके लॉगिन में इतने दिनों से लंबित क्यों है...? दो से तीन दिनों के अंदर मामले को निष्पादित करें और इस मामले में आपको शो-कॉज किया जायेगा। जनता दरबार में दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने की शिकायत पर उपायुक्त- सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने अंचलाधिकारी रातू को कुछ इस तरह फटकार लगायी। रातू प्रखण्ड के बिजुलिया के रहनेवाले उमेश कुमार ने पिछले साल नवंबर में म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था। आज भी उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हो रहे थे। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए उन्होंने मामले के यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



**सीओ को जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने का निर्देश:** मंगरा पाहन द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की गयी। आवेदक द्वारा बताया गया कि उनके पैतृक सह पहनई भूमि जो कि सामाजिक, धार्मिक एवं पारंपारिक व्यवस्था की भूमि है, उस पर फागु महतो द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस मामले में उपायुक्त ने नगड़ी अंचलाधिकारी को नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को यथाशीघ्र रुकवाने के निर्देश दिये। नामकुम अंचल के रहनेवाले संजय कुमार साहू द्वारा दाखिल-खारिज रद्द करने की शिकायत की गयी। आवेदक द्वारा बताया गया कि एक ही प्लॉट में अन्य जमाबंदी रैयतों का म्यूटेशन रद्द और एक का स्वीकृत किया गया है। इस भी उपायुक्त ने इस मामले में अपर समाहर्त्ता, रांची को जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**हाई टेंशन बिजली तार हटवाने का आवेदनः** तुपूदाना की रहनेवाली अमिता देवी द्वारा अपने घर के उपर से गुजरनेवाले बिजली के हाई टेंशन वायर को हटाने का आवदेन दिया गया। इस मामले में उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी जन शिकायत को बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निष्पादन का निर्देश दिया गया।

खेलगांव थाना क्षेत्र की महिला मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने के संबंध में आवेदन लेकर जनता दरबार पहुंची थीं। उपायुक्त ने मौके पर ही सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को आवेदन में संभावित त्रुटि के जांच के निर्देश दिये। जिसके बाद महिला के आवेदन में आवश्यक सुधार किया गया।

जनता दरबार में किशोरगंज, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहनेवाले बद्री शर्मा द्वारा पहाड़ी मंदिर रांची में नाइट गार्ड की ड्यूटी के लिए पुनः बहाल करने का आवेदन दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा एसडीएम, रांची को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशित किया गया। अबुआ साथी (9430328080) पर दें बिचौलियों की जानकारी, होगी सख्त कार्रवाई होगी।

# कांटा टोली में यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक तरफ कांटा टोली चौक में जाम की समस्या आए दिन बन रहती है। हालांकि फ्लाईओवर बनने के बाद चौक में जाम की स्थिति नहीं है , लेकिन पेट्रोल पंप के पास से जाम लगती हैं। वहीं सड़क के किनारे अवैध रूप से ऑटो भी लगाकर सवारी उठाती है, तो दूसरी तरफ ठेला खोमचा भी लगाकर सड़क को संकीर्ण कर रहा है । इसको देखते हुए ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी के नेतृत्व में नगर निगम के संयुक्त प्रयास से जा मुक्त



अभियान चलाया गया और सभी ऑटो चालकों को चेतावनी दी गई, ठेला खुमचा को हटाया गया । ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी ने बताया कि अभियान चलाया गया था , सभी को हिदायत दी गई है और सड़क से सभी अवैध पार्किंग को हटाया गया।

## अखिल भारतीय ध्रुपद संगीत समारोह 30 को




**रांची :** स्वरात्मिका ध्रुपद केंद्र रांची की ओर से 30 मार्च को संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। पंडित शैलेन्द्र कुमार पाठक ने सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने संगीत कलाकार गायन वादन की प्रस्तुति देने के लिए रांची आ रहे हैं। यह कार्यक्रम 30 मार्च को रातू रोड स्थित साक्षी उपवन में होगा।

# हेमंत सरकार 18 लाख महिलाओं के साथ कर रही है विश्वासघात : राफिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा झारखंड प्रदेश की प्रवक्ता राफिया नाज़ ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोक ली गयी है। यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी, जो सत्ता में आने के लिए किया गया था, इसलिए 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। राफिया ने कहा, ÷महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट और इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय, सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है।÷वहीं दूसरी तरफ़ सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। यह सरकार महिलाओं को ना तो न्याय दिला पा रही है, ना शिक्षा और ना ही सुरक्षा,



बल्कि उन्हें छलने का काम जारी है। इसलिए अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक भी योजना उतारी गई है, चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो। उन्होंने कहा यदि सभी महिलाओं को जल्द मइयाँ सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और यह मुद्दा हर घर, हर गली तक पहुंचेगा। राफिया नाज़ ने सरकार से सवाल किया, ÷अगर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि 'मइयाँ सम्मान योजना' के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट, मंईयां सम्मान के लिए पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई। क्या यह सरकार महिलाओं के सम्मान को ठुकराने का काम कर रही है।

# समय पर दवा के छिड़काव से होगी आम की अच्छी पैदवार : बीएयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समय पर दवा का छिड़काव करने से आम की अच्छी पैदवार हो सकती है। यदि आम के मंजर पर सही समय पर दवा का छिड़काव नहीं किया गया तो मंजर काले पड़ने लहते हैं और सूख कर झड़ जाते हैं। यह बातें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के फल उद्यान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अब्दुल माजिद अंसारी ने सोमवार को कही। उन्होंने बताया कि मंजर पर दो तरीके की दवा का छिड़काव किसान को करना चाहिए इसमें सबसे पहले इमिडाक्लोप्रिड और बाद में प्रोफेनोफॉस नामक दवा शामिल है। उन्होंने बताया कि दवा के छिड़काव का सही समय तब है जब आम ओ मंजर की कली निकलने लगे। इसके बाद दूसरी बार जब फल सरसो के दाने के आकार का हो जाए तब किसान प्रोफेनोफॉस नामक दवा का छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक ही दवा का बार-बार उपयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि दवा बदल-बदल कर इस्तेमाल करने से फसल अच्छी



होती है। डॉ अंसारी ने बताया कि इस बार आम के पड़ों पर बहुत बढ़िया मंजर लगे हैं और उम्मीद है कि झारखंड में भी आम की अच्छी फसल होगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## महाराज अरविन्द सिंह जी मेवाड़ के निधन पर झारखंड प्रदेश करणी सेना ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** महाराणा प्रताप के वंशज एवं मेवाड़ के महाराज अरविन्द सिंह जी मेवाड़ का आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रदेश करणी सेना की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया गया है.करणी सेना के लोगों ने कहा कि महाराज अरविन्द सिंह जी मेवाड़ हजारों करोड़ के मिल्कियत के मालिक होने के बाद भी वे एकदम जमीन से जुड़े व्यक्ति थे और सही मायने में क्षत्रिय धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति थे. उनके जाने से पुरे देश का क्षत्रिय समाज सहित सभी वर्ग के लोग मर्माहत हैं. शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से करणी सेना के प्रदेश महामंत्री राजन सिंह राजा, विनय सिंह मानकी, राजेश सिंह मिंटू, रंजन सिंह बिट्टू, रमण सिंह बंटी, विकेश सिंह विक्की, सुनील सिंह, अजय सिंह, गोपाल सिंह, संजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नागेंद्र सिंह, साजन सिंह राठौड़, गुड्डू सिंह, ललन सिंह, अमरेंद्र सिंह, पृथ्वी सिंह, शुभम सिंह, अरविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, हिमांशु शेखर सिंह, राजशेखर सिंह, विनोद सिंह, वीरेन्द्र सिंह, लखन सिंह, छोटू सिंह, भोला सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सहित अन्य लोग शामिल हैं.

## बुकबुका पूजा सरना समिति का गठन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुकबुका पूजा सरना समिति की एक बैठक सरहुल पूजा मनाने को लेकर हुई. बैठक में मुख्य रूप से एक अप्रैल को सरहुल पूजा धूमधाम से गाजे बाजे एवं जुलूस के साथ मानने का निर्णय लिया गया. साथ ही सर्वसम्मति से सरहुल पूजा कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संरक्षक के रूप में कुलदीप लोहार, सूरज प्रधान मुंडा, करमा लोहरा,रामप्रीत यादव, सुभाष उरांव, विरु सिंह, रामसूरत यादव, अध्यक्ष निखिल मुंडा, उपाध्यक्ष विषाल उरांव, विजय मुंडा, मनोज मुंडा, अखिलेश गंझू, प्रदीप लोहरा, सचीव डा. विनोद कुमार मुंडा, मुकेश ऋषि, सिद्धू, सोनू, कोषाध्यक्ष पवन उरांव विक्रम बोदरा के अलावा कार्यकारणी सद्स्यों में राजू पासवान, अनमोल एक्का, निहाल लोहार, मटुक तुरी, सुनील गंझू आदि को शामिल किया गया है. बैठक में उत्तम लोहार, विजय मुंडा, सूरज लोहारा, बीरु सिंह,निहाल लोहारा, अनमोल एक्का सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने 50 हजार रूपये का किया आर्थिक मदद



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया की पूर्णाडीह परियोजना में कुछ दिन पूर्व छोटे वाहन के चपेट में आने से कुटकी निवासी विसुन महतो की मृत्यु हो गई थी. सोमवार को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने मृतक के घर जाकर परिवार वालों से मिल कर संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया. साथ ही अब्दुल्ला ने परिजन को 50 हजार रूपये देकर आर्थिक सहयोग किया. विसून महतो की दो बेटी और एक बेटा है.उनका परिवार बहुत गरीब है जिसे देखते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने विशुन महतो की पत्नी को क्षेत्र में काम कर रही प्राइवेट कंपनी में काम लगाने का भरोसा दिलाया ताकि मृतक के परिवार का भरण पोषण हो सके.अंसारी ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है. कहा कि आगे भी गरीव परिवारों का सहयोग करना निरंतर जारी रहेगा.इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय, पंचू उरांव शामिल थे.

## बरकतो रहमत लेकर आया माहे रमजान : नवाज शरीफ

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित कुटे पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी नवाज शरीफ ने बताया कि अल्लाह का पाक महीना अपने बंदों के लिए रहमतों बरकत लेकर आ गया है। इस माहे मुबारक में की जाने वाली इबादत का अल्लाह कई गुना सवाब अपने बंदों को देता है। इस माहे मुबारक के सिलसिले में हुजूरे अकरम फरमाते हैं कि मुसलमानों तुम्हारी तरफ अल्लाह का महीना रहमत बरकत और मगफिरत के साथ आया है। ये वह महीना है जो अल्लाह के नजदीक तमाम महीनों से अफजल है। इसके दिन तमाम दिनों से अफजल और इसकी रातें तमाम रातों से बेहतर है। प्रखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी नवाज शरीफ ने कहा कि इस तेज धूप और उमस भरी गर्मी में अल्लाह अपने नेक बंदों का इम्तेहान लेगा। इस महीने तेलावते कुरआने पाक और दुआएं पढ़ने का सवाब कुछ ज्यादा ही मिलता है। रोजा इंसान के नफस की पाकीजगी के लिए बेहतरीन अमल है। रोजा जहां इंसानों को भूखा और प्यासा रखने के साथ उसे कयामत की भूख और प्यास की शिद्दत को भी याद दिलाता है।

# कोयलांचल के बुण्डु पंचायत मे हुई ग्रामीणो की बैठक, कोयला खनन कंपनी का किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के ग्राम बुंडू में ग्रामीणों की एक बैठक राजा गोसाई के प्रांगण में हुई।बैठक की अध्यक्षता बुण्डु पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी ने किया।बैठक में बुंडू में प्रस्तावित कोयला खनन कंपनी एसएम स्टील्स एंड पावर लिमिटेड का जमकर विरोध किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बुंडू पंचायत तथा आसपास के गांवों में किसी भी नीजि कोयला खनन कंपनियों का विरोध किया जायेगा तथा कंपनियों का दलाली करने वाले दलालों को सबक सिखाया जायेगा जो ग्रामीणों और कंपनी के बीच बिचौलिए का काम करेगा उसे कतय नहीं बक्शा जायेगा।ज्ञात हो कि प्रस्तावित कोयला खनन कंपनी एसएम स्टील्स एंड पावर लिमिटेड द्वारा दावा किया गया कि कोयला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेसर्स एस स्टील एंड पावर लिमिटेड एसएमएसपीएल को बुंडू कोयला खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर चार फरवरी 2025 को प्रदान किया गया,जिसके आलोक में कोयला कंपनी एसएम स्टील और पावर लिमिटेड ने जिला वन अधिकारी हजारीबाग झारखंड को आवेदन देकर बुंडू कोयला खदान में जीपीएस ड्रोन सर्वेक्षण और संबंधित कार्य करने की अनुमति मांगी है।ग्रामीणों में आक्रोश है कि इतने दिनों के बाद ग्रामीणों को जानकारी दी गई।कहीं न कहीं कोयला कंपनी और दलालों के बीच गहरी शॉठ गांठ है जिसको ग्रामीण सफल नहीं होने देंगे।ग्रामीणों ने आक्रोशित स्वर में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को भी इस पर संज्ञान लेना चाहिए कि विनाशकारी निजी कंपनियों को क्षेत्र में कोयला उत्पादन करने सहित अन्य कार्य के लिए अनुमति प्रदान नहीं दी जाए।जिसके लिए ग्रामीण भी पुरी तरह से एकजुट है।

## बचरा में हुई सिस्टा की बैठक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने का लिया गया निर्णय



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार कालोनी स्थित पिपरवार विकास समिति के कार्यालय में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा की आश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता आनंद मुंडा एंव संचालन कामेश्वर राम ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार क्षेत्र मे संविधान निर्मात भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर की जंयती समारोह धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 14 अप्रैल को बचरा चार नम्बर आम्बेडकर चौक मे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे इसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई।साथ ही सिस्टा के सदस्यो को इस जंयती समारोह को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर राम,आनन्द मुंडा,रमेश राम,ललिंदर कुमार,बाबूलाल राम, रामजीत राम,देवनाथ राम,संतोष कुमार राम,उमेश कुमार मेहता,भीम पासवान, कूल्लू राम,हीरालाल,अगनु देशवाली, राजेंद्र प्रसाद,गंगा राम,हिमांशु चटर,गणेश राम, बिनोद कुमार,ललकू भुइयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय आर्चरी कोच प्रकाश राम के माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र के मुख्य कोच सह अंतराष्ट्रीय कोच प्रकाश राम के माता केसिया देवी का सिल्ली आर्चरी केंद्र के छात्रावास में सोमवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर, फैल गई। वो 75 वर्ष की थी एवं पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव यूपी बलिया के नहिलापार में किया जाएगा। उनके निधन पर आर्चरी सेंटर के संरक्षक पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो आदि ने शोक व्यक्त किया है। दिवंगत केसिया देवी का शव को अंतिम दर्शन के लिए आर्चरी मैदान में रखा गया। जहां गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ, ब्रजेश प्रसाद,क्षआजसू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, भरत देव साय ,शशि सोनार, बिकास महतो, नंद किशोर महतो, मनोज कोइरी, प्रकाश मंडल, आर्चरी कोच शिशिर महतो समेत काफी संख्या में आर्चरी प्रशिक्षुओं ने दिवंगत के शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का 20वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** कुंदी के पंचमुखी हनुमान मंदिर का सोमवार को 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर हिन्दू नवयुवक संघ कुंदी के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। वहीं पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भंडारा का आयोजन हुआ। पूजा-अर्चना पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में की गयी। इससे पूर्व कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से की गयी। महिलाएं माथे पर कलश रखकर गांव के किनारे स्थित नदी पहुंची वहां कलश में जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में जीप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, एएसआई हेंब्रोम, किशोर गोप, बिंदेश्वर गोप, जगदीश गोप, मोहित गोप, बासु गोप, सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## ईदगाह का फर्श का ढलाई कार्य प्रारंभ



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी ईदगाह के फर्श ढलाई कार्य सोमवार को शुरू हुआ। 18 हजार स्क्वायर फीट फर्श ढलाई का कार्य करीब तीन से चार दिनों में पूरा किया जाएगा। ईदगाह कमेटी के हाजी मोईनुद्दीन ने बताया कि फर्श को चार भागों में बांट कर ढलाई किया जा रहा है। सोमवार को एक भाग का ढलाई किया गया है। फर्श ढलाई तीन से चार दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्श बन जाने से ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ने में अब कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया की इटकी ईदगाह के सुंदरीकरण में करीब तीस लाख रुपये खर्च होंगे।

## पिपरवार मे हुई कोल फील्ड मजदुर युनियन की बैठक मे कई बातो पर हुई चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोल फील्ड मजदुर युनियन के क्षेत्रिय कार्यालय मे एक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष अनिल कुमार कुवंर और संचालन क्षेत्रिय सचिव भीम सिंह यादव ने किपा।बैठक मे कोयला मजदुरो के कई ज्वलंत समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे मुख्य रूप से एनके एरिया के डकरा मे 21 और 22 मार्च को होने वाले अधिवेशन को सफल बनाने और पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या मे युनियन के कार्यकर्ता अधिवेशन मे शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक मे क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक मे मुख्य रूप से भीम सिंह यादव,अनिल कुवंर,बंसत नारायण महतो, रामू गोप, एसडी राम,हरिवंश महतो,रविंद्र कुमार सिंह,बालदेव यादव,गांधीराम साहू, रामबचन यादव,सुधीर कुमार,बासिल टोप्पो सहित युनियन के कई लोग उपस्थित थे।

# बचरा बंसत विहार कॉलोनी मे नवयुवक कमेटी द्वारा मटका फोड़ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बसंत विहार कालोनी के इडेन गार्डन में मटका फोड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नवयुवक कमेटी बंसत विहार कॉलोनी के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी।नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष विकास कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी का स्वागत किया। इसके बाद मुखिया रीना देवी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके बाद युवकों की टोली ने नाचते गाते हुए पूरे जोश के साथ अबीर गुलाब उड़ाया और मटका को फोड़ा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रीना देवी ने कहा कि होली के अवसर पर बचरा बसंत विहार कॉलोनी में नवयुवक कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं।उन्होंने सभी लोगो से सनातन धर्म के धरोहर एवं परम्परा को बरकरार रखने की अपील की।इस मौके पर नवयुवक कमिटी के अध्यक्ष विक्की चौहान,सचिव राहुल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जयश्री राम,धोनी तिवारी,दीपक सिंह,पंकज यादव,अनु सिंह,अरुण चौहान, रोहित भारद्वाज,श्रीप्रसाद,बिमला देवी,रीता रजक,कामिनी वर्मा,मंजु तिवारी,गुरनाम कौर सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# टुंडाहोली मुखिया रमेश बेदिया का अन्तर्राज्यीय क्षेत्र भ्रमण के लिए चयनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र के टुंडाहोली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया का चयन झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण के लिए हुआ है. इस उपलब्धि से जिले के पंचायत प्रतिनिधियों में खुशी का माहौल है. 17 से 22 मार्च तक श्री रमेश बेदिया हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पंचायतों का दौरा करेंगे. इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर उन्नत योजनाओं और नवाचारों का अध्ययन करना है. यात्रा से प्राप्त अनुभवों का लाभ टुंडाहोली पंचायत और प्रखण्ड के विकास में मिलेगा.

दूसरी उपलब्धि : मुखिया रमेश बेदिया पहले भी जिले का मान बढ़ा चुके हैं. भारत सरकार ने श्रेष्ठ मुखिया का पुरस्कार दिया है। यह पुरस्कार केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने दिया।गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परेड में शामिल होने के लिए उनका चयन किया गया था. अब एक बार फिर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है,जो उनकी सक्रियता और कुशल नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है. मुखिया ने पंचायती राज विभाग और जिले वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है. कहा कि यह अवसर उनके लिए गर्व का क्षण है.

# सिल्ली कॉलेज सिल्ली के छात्र- छात्राओं का 4 दिवसीय जंगल ट्रेकिंग सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली कालेज सिल्ली के तत्वावधान में 4 दिवसीय जंगल ट्रेकिंग रविवार को सम्पन्न हो गया। भूगोल विभाग के प्रो भवानंद चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 13 मार्च से 16 मार्च तक चार दिवसीय जंगल ट्रेकिंग पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिला के बाघमुंडी के मुरगुमा डैम से माथाबूरू में संपन्न हुआ। प्रो भावानंद चौधरी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेकिंग टीम ने कुल 38 किमी पैदल यात्रा किया। टीम के प्रशिक्षक प्रभारी पार्थो सारथी दत्ता, दीपक, भूषण, रवि, मिहिर एवं मनोज ने कॉलेज के 19 छात्र छात्राओं को तोपोशीट संख्या 73 ढ्/3 और 73 ढ्/4 के सहयोग से जंगल में पैदल ट्रैकिंग के गुर सिखाया। सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, सचिव डॉ मुकुंद चन्द्र मेहता, प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो, परीक्षा नियंत्रक प्रो त्रिभुवन महतो, साबित्री बाला, नकुल चन्द्र महतो, श्यामल दे, निशीकांत, सुमंत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्रा को जंगल ट्रेकिंग सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई देते हुए शुभकामना दी है।

## चौरसिया परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौरसिया परिवार, गम्हरिया की ओर से साईं आंचल अपार्टमेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेश मंडल ने किया जबकि मंच का संचालन चौरसिया परिवार जमशेदपुर के सचिव कुमुद भगत द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चौरसिया परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद शामिल हुए। मौके पर सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर समाज के गम्हरिया इकाई के अध्यक्ष कैलाश चौरसिया, महामंत्री मदन मोदी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, केएन देव समेत सभी सदस्यों के अलावा गम्हरिया, आदित्यपुर और जमशेदपुर से काफी संख्या में चौरसिया बंधु उपस्थित थे।

## आंधी तूफान से कुचाई के साप्ताहिक बाजार में गिरा साल का पेड़



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच हुई जोरदार आंधी-तूफान व झमाझम बारिश से कुचाई साप्ताहिक बाजार में एक बड़ा साल का पेड़ गिरने कई लोग बाल-बाल बच गए। मालूम हो कि कुचाई में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है। जिसमें कुचाई, दलभंगा, खरसावां, टोकलो, चक्रधरपुर, सरायकेला, अड़की आदि जैसे विभिन्न जगहों से हजारों की संख्या में लोग बजार करने आते हैं। वहीं सोमवार को दोपहर में हुई आंधी तूफान से कुचाई खरसावां में जगह जगह पेड़ गिरने के अलावा कई झोपड़ियां का भी नुकसान पहुंचा है।

## 24 -25 मार्च को देश भर के बैंक कर्मचारियों की हड़ताल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के द्वारा बैंकिंग उद्योग की लंबित प्रमुख समस्याओं को लेकर 24-25 मार्च को आयोजित दो दिवसीय हड़ताल को ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (अरेबिया) के द्वारा पूर्ण समर्थन करते हुए ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों और संस्था की लंबित समस्याओं को लेकर दो दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर 24-25 मार्च को देश भर के कर्मचारी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। महासचिव नितेश मिश्रा ने बताया है कि हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है और यदि मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी भी कर ली गई है।

## बिड़रा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में आस्तिक महतो ने लिया आशीर्वाद



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा गांव स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित 72 घंटे का हरिनाम संकीर्तन रविवार को सुबह शुरू हुआ। गांव के चारों ओर हरिनाम संकीर्तन की गूंज से ऐसा प्रतीत होता है कि गांव कृष्ण नगरी बन गया। गांव की महिलाएं पहुंच कर पूजा-अर्चना करते हुए यहां आने वाले भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर रही हैं। दूसरे दिन सोमवार को माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया जब जमशेदपुर के समाजसेवी आस्तिक महतो ने मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। महतो ने हरिनाम का श्रवण किया और कमेटी के सदस्यों का हौसला बढ़ाया। मौके पर उनके साथ उप मुखिया गोपाल गोराई, ग्राम प्रधान विकास महतो, सनत महतो व नकुल महतो आदि मौजूद थे।

## आदित्यपुर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी धिराजगंज में एक पेड़ से लटके हुए व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान तपन कुमार महतो (45) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि वह मूल रूप से पटमदा के पलाशबनी का रहने वाला था। धिराजगंज में रहकर औद्योगिक क्षेत्र स्थित किसी कंपनी में दैनिक मजदूरी का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह नशे का आदी था और कई कई दिनों तक घर नहीं आता था। बीते रविवार की रात भी वह घर नहीं आया था। सोमवार की सुबह उसका शव नीम के पेड़ से झूलता मिला। मृतक की एक बेटी थी जिसकी शादी हो चुकी है। उसके अलावा एक बेटा है जो पढ़ाई करता है। मामला हत्या या आत्महत्या का है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## पटमदा के लावा में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन 30 मार्च से

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के लावा गांव स्थित सार्वजनिक पंचमुखी हरि मंदिर में आगामी 30 मार्च से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को हरि मंदिर में संतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हरि परायण संघ की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस संबंध में दीपक गोराई ने बताया कि ग्राम प्रधान बृंदावन दास के पिताजी का शनिवार को आकस्मिक निधन होने की वजह से इस वर्ष प्रस्तावित हरि हाट के कार्यक्रम को रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को शुभ गंधाधिवस कार्यक्रम एवं 30, 31 मार्च एवं 1 अप्रैल तक हरिनाम संकीर्तन चलेगा। 2 अप्रैल को धुलट एवं भोगराग कार्यक्रम होगा। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बकाया मानदेय का भुगतान को लेकर सेवानिवृत्त पारा शिक्षक ने लगाई गुहार

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दांदूडीह के सेवानिवृत्त पारा शिक्षक आदित्य कुमार महतो ने बकाया मानदेय भुगतान को लेकर पटमदा बीईईओ को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पारा शिक्षक के रूप में नवंबर 2024 तक कार्यरत था और नवंबर महीने में ही वह सेवानिवृत्त हुए। लेकिन अगस्त से नवंबर तक चार महीने का मानदेय की राशि प्रति माह 18,928 रुपये की दर से भुगतान किया गया है। जबकि उनका मानदेय 21,037 रुपये प्रति माह निर्धारित है। इस हिसाब से 4 महीने का कुल 8,436 रुपये बकाया है। उन्होंने जल्द से जल्द बकाया राशि के भुगतान हेतु गुहार लगाई है।

**डीआईजी मनोज रतन चौथे पहुंचे जमशेदपुर, एसएसपी सहित पदाधिकारियों संग की बैठक**

# कोल्हान में नक्सलियों की कमर टूट चुकी, सरेंडर करें, नहीं तो मार गिराएंगे : डीआईजी

- नशे के खिलाफ कोल्हान पुलिस का अभियान तेज, कई कारोबारी को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को कोल्हान के डीआईजी मनोज रतन चौथे जमशेदपुर पहुचे, जहां उन्होंने जुगसलाई थाना में जिला के एसएसपी किशोर कौशल सहित तमाम पदाधिकारियों के साथ बैठक की। करीब एक घंटे बैठक की, साथ ही थाना का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत मे कहा कि कोल्हान में नक्सलियों की कमर टूटी है, पुलिस की कार्रवाई से पूर्व में 15 नक्सलियों को सरेंडर करवाया था, साथ ही पूर्व में दो नक्सलियों को पुलिस जवानों द्वारा मार गिराया गया था। कई हथियार जब्त किया गया गया और कई आईडी बम रिकवर किया जा चुका है। उन्होंने कहा, कोल्हान के घोर नक्सल क्षेत्र में सीआरपीएफ के जवान पहुंच चुके है। अब वहां कैम्प भी लगाया जा चूका है, नक्सली सरेंडर करें नहीं तो मार गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार कोल्हान को नक्सल मुक्त करवाने के लिए कई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एक सवाल पर उन्होंने कहा कि लगातार नशे के खिलाफ भी कोल्हान पुलिस काम कर रही है। हाल ही में कई एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। साथ ही नशे के कारोबार करने वाले काफी लोगों को जेल भेजा जा चुका है। वहीं सेना के जवान को जुगसलाई पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने के सवाल पर कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया।

## विधिक सेवा प्राधिकार का जागरूकता कार्यक्रम पहुंचा गांव-गांव तक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के हर गांवों तक जागरूकता अभियान चलाकर कानून के प्रति जागरूक किया गया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के तत्वावधान में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान सोमवार को हरिजन टोला गौरांग कोचा में प्रभात फेरी निकाल समाप्त किया गया। लोगों को अपने वैधानिक अधिकार व कानून के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकार मित्र कार्तिक गोप ने बताया कि 90 दिन का इस अभियान को हर गांव मोहल्ला तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को जानकारी के अभाव में सरकारी लाभ से वंचित रहना पड़ता है। प्रभात फेरी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक निशुल्क विधिक सेवा पहुंचाना और उन्हें अपने अधिकारों और कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। मौके पर अधिकार मित्र कार्तिक गोप, तुष्ट रानी मंडल, गंगासागर पाल एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुचाई में भव्य मागे महोत्सव सह कृषि मेला 22 को, विधायक दशरथ गागराई करेंगे उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के बिरसा स्टेडियम में आदिवासी सामाजिक मंच के द्वारा आगामी 22 मार्च को प्रखंड स्तरीय भव्य मागे महोत्सव सह कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, सचिव मुन्ना सोय, कृषि पदाधिकारी लिमुनस हेंब्रम एवं दशरथ उरांव ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। मागे महोत्सव एवं कृषि मेला में मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई व समाजसेवी बासंती गागराई शामिल होकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। साथ ही विजेता उपविजेता नृत्य मंडली को सम्मानित करेंगे। मालूम हो कि इस आयोजन में नृत्य दल में भाग लेने वाले मंडली 21 मार्च तक अपने दल का पंजीकृत कर सकेंगे। वहीं कृषि विभाग के द्वारा भी लोगों की सुविधा एवं सरकारी लाभ से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में प्रखंड के अलावा विभिन्न जगहों से भी आदिवासी सामुदाय के गणमान्य लोग शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान सचिव मुन्ना सोय ने कार्यक्रम स्थल में लोगों की सुविधा के लिए कई अहम दिशा निर्देश दिए।

## युवा कांग्रेस ने बैठक कर बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए बढ़ाया हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** जिला युवा कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में परिषदन में कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर मंथन हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी सत्यम सिंह उपस्थित थे। बैठक में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी चर्चा हुई। बैठक के बाद प्रेमेंद्र ने बताया कि अगला कार्यकरिणी बैठक अप्रैल के प्रथम सप्ताह में सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट कंपनी में भी आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को सरकार के गाइडलाइन अनुरूप रोजगार मिले। बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा बोईपाई, टीकू मोदी, विशाल होनहागा, सुखलाल होनहागा, बबलू सोरेन रुईदास चाकी, मनोज कुमार सिंह मुंडा, रमेश बालमुचु, राजाराम पाड़ेया, कन्हैयालाल सामड, रामचंद्र लोहार, सौरभ तांती, शंकर दिग्गी, बरजू लोहार, बुधराज दिग्गी, सेलाय पाड़ेया, रुईदास पाडेया, करन होनहागा, सूरज मुखी, सुन्दर बानसिंह, मन्नू मुदी, राजू तांती, चीकू मुदी, रोशन तांती, रोहित तांती, सुभाष तांती, रबिन्द्र बांकिरा, बलराम पाडेया व बिशाल होनहागा आदि उपस्थित थे।

## चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने को सभी राजनीतिक दलों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत के चुनाव आयोग के निदेश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक का अनुपालन करते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के संबंध में चर्चा की गयी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव आमंत्रित किये गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करना आदि का काम निरंतर चलता रहता है। उन्होने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें तथा अपने बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता सूची के अपडेशन में अपेक्षित सहयोग करें। साथ ही बताया गया कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता एक बार में अधिकतम 10 आवेदन प्रपत्र बीएलओ को जमा कर सकते हैं। साथ ही उपायुक्त ने 1950 टोल फ्री मतदाता हेल्प लाईन नम्बर का आम लोगों के बीच अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की अपील की। बैठक में एडीएम लॉ एण्ड ऑडर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, एडीसी भागीरथ प्रसाद, सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्रोजेक्ट कन्या को उत्क्रमित प्लस टू बनाने की मांग पर विधायक के नाम प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय माचा, पटमदा के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सोमवार को विद्यालय को उत्क्रमित प्लस टू बनाने की मांग पर विधायक मंगल कालिंदी के नाम पर प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू को एक ज्ञापन सौंपा गया। विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक के उपरांत सदस्यों ने कहा कि प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय पटमदा का एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है। इस विद्यालय में वर्तमान में कक्षा नवम और दशम की पढ़ाई होती है। पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग की 130 बालिकाएं पढ़ने के लिए आती हैं। आगे यह संख्या बढ़कर 300 से अधिक होने की संभावना है। प्रखंड में एकमात्र कन्या उच्च विद्यालय होने के कारण अधिकतर छात्राएं वर्ग दशम के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। क्योंकि यहां पढ़ने वाली छात्राएं अपने आपको सुरक्षित महसूस करती हैं। यहां उत्क्रमित प्लस टू हाइस्कूल बन जाने से छात्राएं नियमित रूप से सुरक्षित होकर पढ़ाई कर सकेगी। ज्ञापन सौंपने वालो में प्राचार्य डॉ. प्रियंका झा, सहदेव मुर्मू, उदय सिंह, दिवाकर टुडू, रूमा महतो, देवी महतो, रामनाथ सोरेन व खगेंद्र नाथ महतो आदि शामिल थे।

## कुख्यात अपराधी भानु माझी व आर्म्स पैडलर राकेश मंडल गिरफ्तार

- दो पिस्टल, दो देसी कट्टा और आठ गोली बरामद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के कदमा पुलिस ने कुख्यात अपराधी भानु माझी और आर्म्स पैडलर राकेश मंडल उर्फ पकौड़ी को कदमा थाना अन्तर्गत खुदी बगान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, दो देसी कट्टा और आठ गोली बरामद किया है। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उलियान गुरुद्वारा के पीछे भानु माझी हथियार के लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए बैठा है। इसके बाद एक टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान भानु के पास से दो हथियार और तीन गोली बरामद की गयी। पूछताछ में भानु ने बताया कि उसने राकेश से हथियार खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने राकेश को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब राकेश के घर की तलाशी ली तो घर के पीछे से पुलिस ने दो और हथियार बरामद किया। राकेश ने पीछे एक पेड़ के नीच हथियार छिपाकर रखा था। पूछताछ में यह बात सामने आई कि भानु ने हथियार के लिए 30 हजार रुपए एडवांस दिए थे। बाकी के रुपए बाद में देने वाला था। उन्होंने बताया कि भानु माझी कई बार हत्या और रंगदारी मांगने के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। आखिरी बार अक्टूबर 2023 में पुलिस ने उसे हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में उस पर सीसीए के तहत कार्रवाई भी की गयी थी। हालांकि वह 28 जनवरी को जमानत पर बाहर आया था। पुलिस उसे तड़ीपार करने की कार्रवाई कर रही थी। कुख्यात अपराधी क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ाने के लिए घूम रहा था। इसी दौरान दोनों हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।वहीं एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस मामले में और तहकीकात की जा रही है कि राकेश मंडल को हथियार कहां से मिलता था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस सभी मामलों का पर्दाफाश करेगी।

## अधिवक्ता उमेश साव बने नोटरी पब्लिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य अधिवक्ता उमेश कुमार साव ने नोटरी पब्लिक का काम शुरू कर दिया। वरीय अधिवक्ता एवं समाजवादी चिंतक सुधीर कुमार पप्पू ने उन्हें लड्डू खिलाकर बधाई दी। वकालत पेशे की सिल्वर जुबली मना चुके अधिवक्ता उमेश भारत सरकार के विधि विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफल हुए और उनको केंद्र सरकार के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। शुरुआत उन्होंने अधिवक्ता सिद्धेश्वर बाबू नंदी के तीन एफिडेविट से किया। इस मौके पर अधिवक्तागण अनिंदो मिश्रा, संजीव सिंह, राहुल प्रसाद, राहुल राय, श्रीकांत गिरि, निशांत, नन्द कुमार राय, श्रीकांत सिंह, कुलविंदर सिंह व दिनेश साहू आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## बारियादा में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन जारी, पहुंच रहे श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बारियादा गांव में सार्वजनिक कमेटी की ओर से आयोजित 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को आसपास गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु हरिनाम श्रवण करने पहुंचे। कमिटी के सदस्य खगेन महतो ने बताया कि हरिनाम संकीर्तन का समापन बुधवार को धुलट के साथ होगा। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न क्षेत्रों से कुल छह कीर्तन मंडलियां शामिल हुए हैं। जिसमें मां शीतला महिला संप्रदाय (सारेंगा), मां मनसा महिला संप्रदाय (गोहालडांगा), भालुवासा निताई गौर हरिनाम संकीर्तन (भालुबासा), श्री श्री राधा गोविंद हरिनाम संप्रदाय (टीकर), श्री बजरंग हरिनाम संप्रदाय (केकरो) व श्री श्री हरि नाम संकीर्तन संप्रदाय (बारियादा) शामिल हैं। अनुष्ठान को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य सह शिक्षक पशुपति महतो, खगेन महतो, सतीश महतो, हरिपद महतो, गोपेन महतो, अंबुज माहली, तारापद महतो, अजय महतो, नीलकमल महतो, दीनबंधु महतो, विजय कर्मकार, देवेन महतो, मनसाराम कर्मकार व बासुदेव महतो आदि योगदान दे रहे हैं।

## मानगो नगर निगम के हाथों में दें मानगो पेयजल परियोजना : सरयू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो पेयजल परियोजना की स्थिति सुधारने और यहां के सभी घरों तक पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार की रात जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय और उनके जनसुविधा प्रतिनिधियों ने मानगो पेयजल परियोजना का औचक निरीक्षण किया। रात साढ़े 11 बजे से लेकर ढाई बजे तक चले इस निरीक्षण में इंटक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और तमाम टंकियों के पास जाकर यह देखा गया कि सिस्टम किस तरीके से काम कर रहा है। ये सब देखने के बाद विधायक राय ने एक प्रस्ताव दिया कि मानगो पेयजल परियोजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लेकर नगर विभाग विकास को दे दिया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मानगो नगर निगम इस परियोजना को चलाएगा तो कम से कम नगर निगम की जिम्मेदारी तो तय होगी। श्री राय मंगलवार को रांची में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव से इस मुद्दे पर बात करेंगे। औचक निरीक्षण में उनके साथ जनसुविधा प्रतिनिधि नीरज सिंह, पप्पू सिंह, संजीव मुखर्जी, उपेंद्र सिंह मस्तान, पिंटू सिंह, संतोष भगत, भवानी सिंह, मुकेश कुमार, वीरु सिंह, बाला प्रसाद, जीतू परमार व रवि गोराई आदि मौजूद थे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

# कांग्रेस की स्थायी नीति है मुस्लिम तुष्टीकरण

**कांग्रेस** के लिए मुस्लिम वोटबैंक सर्वोपरि है इसलिए मुस्लिम तुष्टीकरण को उसने अपनी स्थायी नीति बना रखा है। कांग्रेस समय-समय पर अपने प्रिय वोटबैंक को संदेश देने का प्रयास करती है। उसी क्रम में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का हालिया निर्णय है, जिसमें उसने सरकारी ठेकेदारी में मुसलमानों के लिए विशेष आरक्षण किया है। यह एक नये प्रकार का आरक्षण लाकर कांग्रेस ने स्थापित कर दिया है कि वह मुसलमानों को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अन्यथा सरकारी ठेकेदारी में आरक्षण का प्रावधान का क्या अर्थ है? याद रखें कि कांग्रेस के समय से अन्य पिछड़ा वर्ग में भी मुसलमानों को आरक्षण की सुविधा का लाभ दिया गया है। यह भी एक तरह से पिछड़ा वर्ग समुदायों के हक दूसरों को देने जैसा है। बहरहाल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुस्लिम तुष्टीकरण के इस निर्णय की जमकर आलोचना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को नये समय की 'मुस्लिम लीग' कह दिया है। याद रखना होगा कि मुस्लिम लीग भी प्रत्येक बात में अलग से मुसलमानों की हिस्सेदारी की माँग करती थी। मुस्लिम वर्ग को अलग महत्व देने का ही परिणाम था कि एक वर्ग में अलग देश की बात घर कर गई और परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया। प्रगत सोच का मुस्लिम समुदाय भी कांग्रेस की इस तरह की तुष्टीकरण नीति का समर्थक नहीं है। वह समाज में एक जैसा दिखना चाहता है लेकिन कांग्रेस की नीतियां एवं निर्णय उसे विशेष पहचान देने का प्रयास करते हैं। कर्नाटक में 13 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम जनसंख्या है, जिसे साधने का प्रयास मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में अवश्य आ गई लेकिन उसकी नीतियों के कारण वह जल्द ही जनता के बीच अप्रासंगिक होने लगी है। कांग्रेस को भी भय है और राजनीतिक विश्लेषक भी मानकर चल रहे हैं कि अगले चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर सत्ता से बाहर हो जाएगी। संभव है कि इस बार कांग्रेस को और अधिक नुकसान हो। संभवतः यही कारण है कि कांग्रेस राज्य के 13 प्रतिशत जनसंख्या के वोटबैंक को अपने पक्ष में सुनिश्चित करना चाह रही हो। यह तो जगजाहित तथ्य है कि मुस्लिम समाज रणनीतिक मतदान करता है। जो भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम दिखायी देता है, मुस्लिम समुदाय उसी को वोट करता है। इधर, कुछ वर्षों में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस से छिटक कर स्थानीय राजनीतिक दलों के पाले में चला गया है। इसलिए भी कांग्रेस अपने वोटबैंक को वापस पाने के लिए अतिरिक्त तुष्टीकरण करती दिखायी दे रही है। संविधान के जानकार भी कर्नाटक सरकार के इस निर्णय को विधि एवं संविधान सम्मत नहीं मान रहे हैं। भाजपा के नेताओं की ओर से कहा जा रहा है कि वे इस असंवैधानिक निर्णय को रुकवाने के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। देखना होगा कि आगे चलकर मुस्लिम तुष्टीकरण का यह निर्णय लागू हो पाता है या फिर न्यायालय में जाकर अटक जाएगा। फिलहाल तो संपूर्ण देश की जनता में यही संदेश गया है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की अपनी नीति पर मजबूती के साथ अड़ी हुई है।


कांग्रेस समय-समय पर अपने प्रिय वोटबैंक को संदेश देने का प्रयास करती है। उसी क्रम में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का हालिया निर्णय है, जिसमें उसने सरकारी ठेकेदारी में मुसलमानों के लिए विशेष आरक्षण किया है। यह एक नये प्रकार का आरक्षण लाकर कांग्रेस ने स्थापित कर दिया है कि वह मुसलमानों को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अन्यथा सरकारी ठेकेदारी में आरक्षण का प्रावधान का क्या अर्थ है? याद रखें कि कांग्रेस के समय से अन्य पिछड़ा वर्ग में भी मुसलमानों को आरक्षण की सुविधा का लाभ दिया गया है। यह भी एक तरह से पिछड़ा वर्ग समुदायों के हक दूसरों को देने जैसा है। बहरहाल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुस्लिम तुष्टीकरण के इस निर्णय की जमकर आलोचना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को नये समय की 'मुस्लिम लीग' कह दिया है। याद रखना होगा कि मुस्लिम लीग भी प्रत्येक बात में अलग से मुसलमानों की हिस्सेदारी की माँग करती थी। मुस्लिम वर्ग को अलग महत्व देने का ही परिणाम था कि एक वर्ग में अलग देश की बात घर कर गई और परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।


### हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के बहाव को सुनिश्चित करना होगा

# नदियों को विवाद नहीं, विकास का माध्यम बनाये

ललित गर्ग


नदियों के समक्ष आने वाले खतरों, जैसे प्रदूषण, आवास की क्षति और जल संसाधनों के अत्यधिक दोहन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हर साल 14 मार्च को, 'नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस' मनाया जाता है, जो नदियों और उनके संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच है, ताकि नदियों और समुदायों की एकजुटता बढ़ाई जा सके और नदियों के महत्व के बारे में जागरूकता लाई जा सके। इस दिवस की 2025 की थीम 'हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य' है। इस दिवस की शुरुआत 14 मार्च 1997 को कुर्टिबा, ब्राजील में बांधों से प्रभावित लोगों की पहली अंतर्राष्ट्रीय बैठक में हुई थी। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है।


**नदियां** मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों के समक्ष आने वाले खतरों, जैसे प्रदूषण, आवास की क्षति और जल संसाधनों के अत्यधिक दोहन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हर साल 14 मार्च को, 'नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस' मनाया जाता है, जो नदियों और उनके संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच है, ताकि नदियों और समुदायों की एकजुटता बढ़ाई जा सके और नदियों के महत्व के बारे में जागरूकता लाई जा सके। इस दिवस की 2025 की थीम 'हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य' है। इस दिवस की शुरुआत 14 मार्च 1997 को कुर्टिबा, ब्राजील में बांधों से प्रभावित लोगों की पहली अंतर्राष्ट्रीय बैठक में हुई थी। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। बढ़ते नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिये उनमें को अपशिष्ट या सीवेज, कारखानों से निकलने वाले तेल, कैमिकल, धुंआ, गैस, एसिड, कीचड़, कचरा, रंग को डालने से रोकना होना, हमने जीवनदायिनी नदियों को अपने लोभ, स्वार्थ, लापरवाही के कारण जहरीला बना दिया है। दुनियाभर में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश एवं दुनिया के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। नदियों को विवाद बना दिया है, आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक मानवीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। जीवन में श्रेष्ठ वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त दे रखी हैं- पानी, हवा और प्यार। और आज वे ही विवादग्रस्त, दूषित और झूठी हो गईं। नदियों के लिए 28वें अंतर्राष्ट्रीय कार्य दिवस पर ताजा पानी उपलब्ध कराने, जैव विविधता को बढ़ावा देने से लेकर जलवायु को नियंत्रित करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने तक स्वस्थ, निर्मल एवं पवित्र मुक्त बहने वाली नदियाँ इंसानी जीवन के साथ प्रकृति, कृषि के लिये महत्वपूर्ण हैं। यह दिन व्यक्तियों और संगठनों को नदी संरक्षण की दिशा में कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में भारत सहित दुनिया की तमाम नदियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। नदियों के सामने जहां प्रदूषण व अतिक्रमण जैसी भयावह चुनौतियां खड़ी हैं, वहीं



उनमें निरंतर घट रही पानी की मात्रा भी गंभीर चिंता में डालने वाला है। कस्बों व शहरों के घरेलू, औद्योगिक कचरे एवं गन्दगी के बहिस्राव के कारण नदियों ने गंदे नाले का रूप लेना प्रारंभ कर दिया है। सैकड़ों बरसाती नदियां बहुत पहले ही अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। आज जब नदियां प्रदूषित हो रही हैं तो किनारे बसा समाज भी उस प्रदूषण के असर से बच नहीं पा रहा है। हमारी कृषि व्यवस्था का कुछ हिस्सा भी उससे प्रभावित हो रहा है। आज गंदे पानी को नदी जल से अलग रखने के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस गंदे पानी को उपचारित करके उसे कृषि कार्यों व उद्योगों में उपयोग में लाया जा सकता है। हमारी जिन नदियों ने नालों का रूप धारण कर लिया है, उन्हें पुनः नदी बनाने की जरूरत है, नदियों के प्रति मित्रवत व्यवहार रखना तथा उनकी चिंता करना जरूरी है। समूची दुनिया में पीने का शुद्ध पानी एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पानी अत्यधिक जहरीला हो चुका है। इस कारण पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करके विश्व स्तर पर लोगों को नदियों को बचाने के बारे में बात करने के लिए अग्रसर करना एवं उनमें जागरूकता पैदा करना है। नदियाँ भी अत्यधिक ख़तरे में हैं, विश्व की 10 प्रतिशत से भी कम नदियां सुरक्षित हैं। इस दिवस की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब हम नदियों की रक्षा में अग्रणी समुदायों और नागरिक समाज के आंदोलनों को मजबूत करें। मजबूत डेटा और साक्ष्य उत्पन्न करने के लिए खोजी अनुसंधान को बल दे। विनाशकारी परियोजनाओं का पर्दाफाश करने और उनका विरोध करने के अभियानों को स्वतंत्र और निडर बनाये। इस दिवस के माध्यम से एक ऐसी दृष्टि विकसित करना जो नदियों और उन पर निर्भर समुदायों की रक्षा करे। अगर इस ग्रह पर कोई जादू है तो वह पानी में है। यह हमें अपनी अर्थव्यवस्था के एक हिस्से के रूप में व्यापार और वाणिज्य के लिए सस्ता और कुशल अंतर्देशीय परिवहन भी प्रदान करता है। यह पृथ्वी पर सबसे विविध और लुप्तप्राय वन्यजीवों में से कुछ का घर भी है। भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है लेकिन दुर्भाग्य से प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। हमें अपनी नदियों को 2047 तक निर्मल व अविरल बनाने के संकल्पित लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना होगा। भारत की नदियों की दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत एवं बढ़ते प्रदूषण पर पिछले चार दशकों से लगभग हर सरकार कोरी राजनीति कर रही है, प्रदूषणमुक्त नदियों का कोई ईमानदार प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। नदियां हमारे जीवन की जीवन रेखा है, गति है, ताकत है। ये पानी, बिजली, परिवहन, मछली और मनोरंजन के लिए स्रोत हैं। नदियां पर्यावरण के लिए भी बहुत फ़ायदेमंद हैं। नदियों के किनारे बसे शहरों की वजह से ये आर्थिक रूप से भी अहम हैं, इनसे ताज़ा पीने का पानी मिलता है, बिजली बनती है, खेती के लिए ज़रूरी उपजाऊ मिट्टी मिलती है। नदियों से जल परिवहन होता है। घरेलू और औद्योगिक गंदा पानी बहकर जाता है, जलवायु नियंत्रण में मदद करती हैं। नदियां प्राकृतिक संपदा हैं। नदियां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रमुख स्रोत हैं, जिनके किनारे कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। नदियों के किनारे ही कई प्रमुख शहर, शैक्षिक और पर्यटन से जुड़े शहर बसे हैं। नदियों की साफ-सफाई के नाम पर कई हजार करोड़ रुपए बहा दिए गए हैं, लेकिन लगता है सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये।

दृष्टि कोण

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न

**हाल** ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ़ समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज़्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फ़िल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ़ समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है। ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को ख़त्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं: महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिज़ाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं। यदि किसी महिला को उसकी असाधारण क्षमताओं के लिए नहीं बल्कि इसलिए सम्मानित किया जाता है क्योंकि वह किसी विशिष्ट कथा में फिट बैठती है, तो क्या वह मान्यता वास्तव में समान महत्त्व रखती है? महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। इसका उत्तर इन पुरस्कारों के महत्त्व को बढ़ाने में है-यह सुनिश्चित करना कि वे केवल एक प्रतीकात्मक इशारे के बजाय सच्ची उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हम वास्तव में महिलाओं का जश्न मनाना चाहते हैं, तो उनके पुरस्कार केवल औपचारिकता नहीं होने चाहिए। उन्हें प्रतिभा, लचीलेपन और महत्त्वपूर्ण योगदान की सही स्वीकृति के रूप में काम करना चाहिए।

कुछ अलग

# बरामदा कैबिनेट की बैठक

**आज** तोताराम अपनी पत्नी मैना के साथ आया। बड़ी हड़बड़ाहट में था। बैठने से पहले ही बोला- भाभी को जल्दी बुला। हमने पूछा- क्यों, क्या मैना को कोई समस्या आ गई? बोला- समस्या कुछ नहीं। बस, प्रांतीय महत्व के एक काम के लिए तत्काल मीटिंग करनी है और सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास करना है। हमने कहा- यहां कोई विपक्ष भी नहीं है और अगर होता भी तो अध्यक्ष से एक ही झटके में 100-150 को एक साथ निलंबित करवा देते और जो करना होता सो कर लेते। मीटिंग क्या, तू जब कहे, जो प्रस्ताव कहे पास करवा दें। बरामदा संसद का लंगड़ा ही सही बहुमत अपने पास है तो चुनाव आयोग, न्यायालय, पुलिस, ईडी सब अपनी मुट्ठी में हैं। नहीं होता तो 'ऑपरेशन तोता' चलाकर खरीद लेते। वैसे ऐसा क्या जरूरी काम आ गया? बोला- कल 8 फरवरी को बरामदा संसद के सभी सदस्य कुम्भ में स्नान करेंगे और उसके बाद मंत्री परिषद की बैठक होगी जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। हमने कहा- वैसे तो संसद के सामने कोई एजेंडा नहीं है फिर भी बैठक के लिए वहां जाकर मरने की बजाय यहीं ठीक है। चार कंधे तो मिल जाएंगे। कुम्भ में मरने पर सरकार इमेज बचाए रखने और मुआवजे से बचने के लिए पुलिस से लाश ही गंगा में फिंकवा देगी। बोला- योगी जी ने भी तो अपने मंत्रीमंडल के साथ स्नान किया था और अब भजन जी भी मंडली के साथ कल कुम्भ में स्नान करेंगे। क्या सब मूर्ख है जो वहीं स्नान-ध्यान, काम-करम कर रहे हैं। हमने कहा- हो सकता है कोई बड़ा पाप धोने के लिए गए हों जो उन्हें रातों को डराता हो, सोने नहीं देता हो। हमने कोई पाप नहीं कर रखा जिसे धोने के लिए आज ही कुम्भ स्नान करना पड़े। पहले पाप करने के लिए कोई पद तो मिले फिर धोने के लिए कुम्भ में भी चले चलेंगे। बोला- क्या कुम्भ में जाने वाले सभी पापी होते हैं? कुम्भ में तो अंबानी, अदानी, शाह, स्टीव जॉब्स की पत्नी, शाहरुख, सलमान, अमिताभ, आलिया भट्ट, रणवीर, विराट कोहली, रोनाल्डो, मैसी आदि तो गए हैं तो क्या सब पापी हैं? और कुम्भ में तो नेहरू जी भी गए थे तो क्या वे भी पापी थे? हमने कहा- हम यह नहीं कह रहे लेकिन नेहरू जी कुम्भ स्नान करने नहीं बल्कि वहां की व्यवस्था देखने गए थे। उसके बाद भगदड़ वाली दुर्घटना होने पर उन्होंने संसद में उस पर चर्चा की और भविष्य में नेताओं को मेले के समय कुम्भ में जाने से परहेज करने की सलाह भी दी थी। जबकि अब तो विज्ञापन करके लोगों को बुलाया जा रहा है। हजारों करोड़ खर्च करके लाखों करोड़ का सपना देखने दिखाने का धंधा चल रहा है, कुम्भ के बहाने चुनाव की राजनीति की जा रही है। वरना कर्म, सत्कर्म, दुष्कर्म कुछ भी करने के लिए कहीं भी जाने की कोई जरूरत नहीं होती। रैदास के तो कठौते में ही गंगा थी। बोला- तो क्या गंगा, जमुना, हिमालय, प्रकृति, तीज-त्योहार, संस्कृति का कोई मतलब नहीं? हमने कहा- है लेकिन प्रेम और प्रदर्शन में बहुत फ़र्क होता है। जिसके मन में प्रेम नहीं होता वही बाहर बाहर प्रेम का ढिंढोरा पीटता फिरता है, प्रदर्शन करता है। हमारे दादाजी भी रामेश्वरम गए थे 1932 में पैदल लेकिन उनके साथ कोई फोटोग्राफर नहीं था और न ही गांव में आकर भक्ति का नाटक किया। हमारे मामाजी 1965 में पोते की मन्नत मांगने अकेले हरिद्वार से कांवड़ लाए थे लेकिन न किसीने रास्ते में हैलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की और न ही रास्ते में किसी मुसलमान ठेले से फल लेने या किसी की जाति पूछे बिना उसकी गुमटी से चाय पी लेने से उनका धर्म भ्रष्ट हुआ। माल-ए-मुफ़्त दिल-ए-बेरहम। जनता का पैसा है फूंकें तरह तरह के तमाशों में। नेता बनने से पहले ये रईस की दुम एक बनियान को तीन दिन पहना करते थे।

देश दुनीया से

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

**खालिस्तानी** अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए। अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है।

आप का नजरीया

# कांग्रेस प्रवक्ता की ओछी मानसिकता

**कांग्रेस** के पोस्टर बॉय राहुल गांधी अपनी पार्टी को 'मोहब्बत की दुकान' बताते थकते नहीं हैं लेकिन निरंतर अंतराल पर कांग्रेस की ओर से आते बयान कुछ और ही बयां करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रही है, लेकिन कांग्रेस के नेता देश और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की जगह अत्यंत ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के शरीर को लेकर घोर आपत्तिजनक एवं निंदनीय बयान दिया है। उन्होंने लिखा कि "रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। निश्चित रूप से यह भारत का अब तक का सबसे निराशाजनक कप्तान"। कोई भी सभ्य नागरिक किसी के शरीर को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी नहीं कर सकता। दरअसल, ऐसा लगता है कि नफरत और नकारात्मकता की आग कांग्रेस के खेमे में इस हद तक फैल गई है कि उसके दायरे में अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं है अपितु उसके निशाने पर कोई भी आ सकता है। कांग्रेस के प्रवक्ता की इस टिप्पणी के बाद उनकी जमकर आलोचना हो रही है। डॉ. शमा को भी मजबूरी में यह टिप्पणी हटानी पड़ी है लेकिन अपनी ओछी एवं संकीर्ण मानसिकता के लिए उन्होंने अब तक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं माँगी है। यह बताता है कि उन्होंने अपने नेताओं के दबाव में पोस्ट तो हटा ली लेकिन उनका मौलिक दृष्टिकोण नकारात्मक ही है। एक अन्य पोस्ट में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा लिखते हैं- "अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में रोहित शर्मा में ऐसा क्या विश्वस्तरीय है? वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ एक औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान बनने का सौभाग्य मिला"। बहरहाल, डॉ. शमा को पता होना चाहिए कि रोहित शर्मा न केवल बेहतरीन खिलाड़ी हैं अपितु उनकी कप्तानी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। किसी खिलाड़ी की योग्यता को उसके रूप-रंग और शरीर की बनावट के आधार पर नहीं अपितु उसकी उपलब्धियों एवं आंकड़ों के देखना चाहिए। रोहित शर्मा दुनिया के उन गिने-चुने बल्लेबाजों में हैं, जिन्होंने अपने देश के लिए सबसे अधिक बार शतक लगाए हैं। एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 32 शतक लगाकर रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं। सभी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में सर्वाधिक शतक लगाने के मामलों में वह दसवें स्थान पर हैं। एक दिवसीय मुकाबले में अपनी टीम के लिए सबसे अधिक दोहरे शतक (3) लगाने का कीर्तिमान भी उनके नाम है। एक दिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में सबसे अधिक शतक (5) लगाने का अद्भुत कीर्तिमान भी उनके नाम है। इसके अलावा और भी कई उपलब्धियां हैं, जो उन्हें विश्व के बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार कराते हैं। एक कप्तान के तौर पर भी वे अब तक के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में भारत बिना कोई मैच हारे एक दिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में अंतिम मुकाबले तक पहुँची।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई जिसमें दिसंबर तिमाही की समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी,उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रबंधक आरबीआई रांची, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिले में स्थित सभी बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।बैठक की शुरुआत में अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने पिछली तिमाही के बैठक के कार्यवाही के संपुष्टि से की, तत्पश्चात उपायुक्त के आदेश के बाद जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम निर्देशित करते हुए कहा कि वैसे बैंक जिनका प्रदर्शन शून्य है उन्हे कारण बताओ नोटिस निर्गत करें। साथ-ही-साथ उन्होंने निर्देश दिया की उन सभी बैंकों के कंट्रोलिंग हेड्स को एक पत्र लिख कर उनके निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताने को कहा।ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 31.90 प्रतिशत है जिसे 40त्न प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया।उन्होंने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया की वो सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपनी सभी संबंधित पंजियों का मिलान कर लें। जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी समन्वयकों को बताया की केसीसी के प्राप्त आवेदनों को संबंधित बैंक शाखा में भेजा गया हैं अतः सभी कोई आवेदनों को निष्पादित करें, जिससे लाभुकों को योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिल सके।

# बारिसाखी ग्राम संगठन की हुई बैठक मेंकई विषय पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बारिसाखी पंचायत गांव में जेएसएलपीएस के तहत संचालित ग्राम संगठन की महिलाओं ने सोमवार को बैठक किया। बैठक कृषक सखी नीलम कुमारी के नेतृत्व में किया गया। जिसका अध्यक्षता आशा देवी ने किया। संचालन कोषाध्यक्ष सविता देवी ने किया। जहां कई विषय पर चर्चा हुई। जिसमें सीसी लिकेज को जल्द से जल्द समूह से वापस करने की बातें कही गई। वहीं उपस्थित सीसी सुनील पासवान ने थर्ड लिकेज करवाने की बातें महिलाओं को कहे। एवं एफपीओ में जोड़ने की बातें ग्राम संगठन में किया गया। साथ ही साथ गरमा फसल पर प्लानिंग किया गया।मौके पर उपस्थित सेतु दीदी संगीता कुमारी बैंक सखी रिंकू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## रामनवमी पूजा में झांकी प्रस्तुति को लेकर हेटटोला से अध्यक्ष बने मुकुट धारी दांगी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी मेला को लेकर सारी तैयारी किया जा रहा है। जहां मुख्यालय से दर्जनों झांकी प्रस्तुति दिखाई जाती है। इसके लिए सोमवार को गिद्धौर के हेठटोला में एक बैठक रखी गई। और सर्व समिति से हेठ टोला से झांकी प्रस्तुति को लेकर अध्यक्ष मुकुटधारी दांगी को चयन किया गया।वहीं सचिव संजय कुमार दांगी कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य उपाध्यक्ष विजय भारती सहसचिव आनंद कुमार उपाध्यक्ष दशरथ कुमार दांगी देवकांत कुमार सह कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार को मनोनीत किया गया है। इनके नेतृत्व में 2025 में जबरदस्त झांकी प्रस्तुति दिखाई जाएगी।

## उपर मुहल्ला झांकी अध्यक्ष बने मुकेश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के उपर मुहल्ला स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने झांकी प्रस्तुति करने का निर्णय लिया झांकी प्रस्तुति को लेकर संचालन समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्व समिति से मुकेश कुमार दांगी को दूसरे बार अध्यक्ष बनाया। बैठक भास्कर स्वालंबन क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार व संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया। बैठक में राजेश कुशवाहा शिक्षक श्यामसुंदर दांगी विकास कुमार विक्की कुमार संटु कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराया दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया चतरा पथ के देल्हो घाटी के पास सोमवार को एक कार पेड़ से टकरा गया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में कार चालक चतरा निवासी अजय राम और टंडवा थाना क्षेत्र के उड़सु निवासी छात्रा ललिता कुमारी (पिता बालदेव उरांव) शामिल है। दोनो घायलों को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने अपने वाहन में बैठाकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वही गंभीर रूप से घायल छात्रा ललिता कुमारी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार छात्रा चतरा कॉलेज से पढ़ाई कर कार में सवार होकर सिमरिया की ओर आ रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित हो गया और पेड़ से जा टकराया।

**बिजली विभाग की लापरवाही, छत पर लटक रहा है 11 हजार वोल्ट का तार**

# करंट लगने से बच्ची घायल, खौफ के साये में जी रहे है परिवार, 3 बार आवेदन देने के बाद भी विभाग मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरपुर गांव में बिजली विभाग का लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। जहां करेंट लगने से एक बच्ची घायल हो गई घायल बच्ची समोद चौधरी के 10 वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी है। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने मौसा बसंत चौधरी के घर मीरपुर आई हुई थी बच्ची कपड़ा सुखाने के लिए बच्ची छत पर गई तभी छत से लटकता हुआ 11000 हजार करेंट के चपेट में ले लिया। जिसके झटके से बच्ची छत के नीचे जा गिरी और घायल हो गई वही परिजनों ने आनन -फानन में शेरघाटी निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया ईलाज के बाद परिजनों द्वारा घर लाया गया अभी बच्ची की स्थिति सामान्य है। परिजनों ने बताया छत से महज 2.5 से 3 फीट दूरी पर 11 हजार वोल्ट तार छत पर लटक रही है 3 बार विभाग को आवेदन दे चुके हैं लेकिन विभाग आज तक सुध ना ली जिससे हम सभी डर के साया में जी रहे हैं कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।इधर हाईवोल्टेज तार को शिफ्ट करने की मांग कर रहे घर के परिवार के लोगों को कहना है कि बिजली विभाग या तो हाईवोल्टेज तार को शिफ्टिंग करने काम करें या फिर इसके जगह पर लोगों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए फिलहाल कवर्ड तार की व्यवस्था करें। मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र कुमार उजाला ने कहा है कि 3 बार इसकी शिकायत की गई थी । जिस पर विभाग के कुछ पदाधिकारी भी गांव पहुंचे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। विभाग के सचिव से इस संबंध में संज्ञान में देने की बात कही है। ताकि तार को हटाने की कार्रवाई की जा सके।

**विभाग ने क्या कहा?**

बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार ने कहा कि शिफ्टिंग करवाते भी हैं तो बिजली के खंभे किसी और की जमीन में लगाने होंगे. यहां बिजली के तार पहले से गया हुआ था. लोगों ने घर बाद में बनवाया है. आगे प्रयास कर रहे हैं कि तार को हटा दिया जाएगा. इससे करंट का खतरा नहीं रहेगा।

## मेला या झमेला, मारपीट में कई लोग घायल, मेला मालिक द्वारा व्यवस्था नग्न



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसरिया मेला या झमेला। बसरिया मेला में इन दिनों मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।जिसके कारण लोग आए दिन मारपीट में घायल हो रहे हैं। जिसका भुक्तभोगी आम लोग हो रहे हैं। जबकि मेला सुरक्षा को लेकर मेला मालिक द्वारा कोई पुख्ता इंतजाम नहीं की गई है। तड़के सोमवार को दो पक्षों के बीच मारपीट में कृष्णा टोला के निवासी सोनू यादव, मनातू के मनीषा कुमारी, नगीना राम घायल हो गए। जहां सरकारी एंबुलेंस से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया । मौके पर मौजूद डॉक्टर अफान ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुशार मेला में खरीददारी को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट की गई जिसके कारण कई लोग घायल हो गए है। जबकि मेला संचालक द्वारा हुड़दुगी या मारपीट रोकने के लिए कोई वॉलेंटियर का बहाल नहीं किया गया है। साथ हीं मेला संचालक द्वारा मेला वाहकों के लिए ना पानी की व्यवस्था की गई है और ना बिजली ना स्वास्थ सुविधा की कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है। जिसे लेकर मेला में आए व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर सरकारी गैरमजूरुआ भूमि में लगभग ढाई एकड़ भूमि पर मेला लगता है ।जिसका वसूली अवैध रूप से मेला संचालक द्वारा किया जा रहा है। जबकि इसके लिए अंचल और अनुमंडल से एनओसी प्राप्त में सरकारी गैरमजूरुआ भूमि का कोई जिक्र नहीं किया गया है। और उक्त भूमि पर लगे मेला से अवैध रूप से रुपए की वसूली धड़ल्ले से की जा रही है। जबकि यह वसूली अंचल के द्वारा किया जाना है। परंतु अंचल को दिग्भ्रमित कर फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर एनओसी प्राप्त कर मेले की उगाई की जा रही है। ग्रामीणों ने इस तरह मारपीट से तंग आकर मेला बंद करने का आग्रह अनुमंडल पदाधिकारी और अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी से किया है।

## दूरी वाले बूथों को नजदीक लाने के लिये एसडीओ ने चुनाव आयोग को भेजा प्रस्ताव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ बिपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अत्यधिक दूरी पर स्थित मतदान केंद्रों की जानकारी ली गई। बैठक में चम्पा बूथ को चम्पा में ही स्थानांतरित करने, आधे कोरोगी नेतरहाट बूथ को गढ़बुढ़नी स्कूल में लाने सहित अन्य बूथों को नजदीक स्थानांतरित करने की मांग उठी। एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि सभी दूरस्थ बूथों का आंकलन कर चुनाव आयोग को बूथों के रिलोकेशन का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।बैठक में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, जेएमएम के अनिल मनोहर, आरजेडी के प्रदीप बड़ाईक, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित गारू प्रखंड के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में बालूमाथ थाना में हुई शांति बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना परिसर में रविवार की देर शाम थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बालूमाथ के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले कुछ दिनों से एक विशेष समुदाय के कुछ युवकों द्वारा सोशल मीडिया में बराबर आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा था। जिसे दूसरे समुदाय के लोगों ने कड़ा विरोध जताया था ।इसके बाद बालूमाथ पुलिस ने सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले एक युवक को बालूमाथ थाना में लाकर बैठा दिया था। इसी बीच दोनों समुदाय के लोगों ने बैठकर में युवक को सामूहिक रूप से माफी मांगने की सजा दी गई एवं भविष्य में इस तरह का गलती नहीं करने के लिए बॉन्ड करवाया गया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में किसी भी धर्म के खिलाफ किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाला पोस्ट किसी के द्वारा किया जाता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने निर्णय लिया कि उसे समाज के तरफ से भी बहिष्कार किया जाएगा। वही सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले युवक ने अपना गलती स्वीकार करते हुए लोगों से अपील करते हुए कहा है कि मेरे द्वारा जो गलती किया गया है मैं क्षमा प्रार्थी हूं उन्होंने दूसरे लोगों को इस तरह का पोस्ट नहीं करने की अपील की है।

## डीसी ने की डीएमएफटी, एससीए के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, छात्रावास जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावे उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके।

## महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष बने रौशन साहू



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति बालूमाथ एक बैठक कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष मनोहर प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षयता में देवी मंडप के बगल में रखा गया जिसमे कमिटी का पुनर्गठन किया गया, जिमसें सर्वसम्मति से पूर्व जीप उपाध्यक्ष एवम पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व राजेन्द्र प्रसाद साहू के पुत्र रौशन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया,और मुख्य संरक्षक में रूप में विधायक प्रकाश राम, जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, जीप सदस्य पूर्वी प्रियंका कुमारी, कृष्णा यादव, सुरेंद्र गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजीव सिन्हा, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अर्जुन साव, प्रयाग साव, शैलेश सिंह, नमेश्वर गुप्ता, बबन सिंह,चेतलाल रामदास,राजेन्द्र साव चावल, साखो साव,राजीव रंजन, रामदर्शन तिवारी, सूरज साह, कौशल साव, सतेंद्र साव, रंजीत लाल, संजीत गुप्ता,बालेश्वर साव, देवकी साव, और उपाध्यक्ष के रूप में राजेश प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, राजेश पांडेय, राजेश सिंह, प्रदीप साव पुटुन,तपेश्वर साव, विजय कुमार, बिनोद साव महासचिव अरुण कुमार कोषाध्यक्ष विशाल कुमार गोलू, दीपक कुमार, विक्रम कुमार विक्की वही सचिव बहादुर साव, सुनील कुमार, अमित गुप्ता(उपमुखिया), तुलसी कुमार ऋषि, सोनू कुमार, राजेश प्रसाद रिंकू, आमोद कुमार,आदित्या कुमार,बिट्टू सोनी, संतोष कुमार एवम मीडिया प्रभारी गोविंद कुमार, करण कुमार, विक्की राज, दिव्यांशु कुमार वही सदस्य के रूप में पवन कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, हिमांशु कुमार टिंकू सोनी, शंकर कुमार समेत अन्य लोग को चुना गया एवम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय समेत रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

# दौना गांव में जल संकट गहराया, 25 से 30 घरों के लोग एकमात्र चापाकल पर निर्भर



**सुरेश यादव@प्रभात मंत्र**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के दुरूप पंचायत अंतर्गत दौना गांव में भीषण जल संकट से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। गांव में मात्र एक चापाकल है, जिस पर 25 से 30 घरों के लोग निर्भर हैं। जहाँ अधिकांश आदिम जनजाति के लोग रहते हैं. गर्मी की शुरुआत के साथ ही यह चापाकल पानी कम देने लगा है, जिससे हालात और गंभीर हो गए हैं। ग्रामीण एर्नियुस बृजिया, अरविंद बृजिया, ज्योति तेलरा, विलियम बृजिया, लोरेंस बृजिया, बसीर अंसारी, लालचंद बृजिया, नसरुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी आदि का कहना है कि पानी की समस्या हर साल गर्मी में विकराल रूप ले लेती है, लेकिन इस बार हालात और भी खराब हो गए हैं। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के चापाकलों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

**गांव में लगी जलमीनार बनी शोपीस**

गांव में जल आपूर्ति के लिए जलमीनार स्थापित की गई थी, लेकिन यह वर्तमान में केवल शोपीस बनकर रह गई है। ग्रामीणों के अनुसार, यह जलमीनार केवल कागजों में चालू है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि इससे पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

**प्रशासन से समाधान की गुहार**

गांव के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस जल संकट का समाधान निकालने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पानी की उचित व्यवस्था नहीं हुई, तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से अपील की जा रही है कि जल्द से जल्द नई जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## लातेहार सदर अस्पताल की बदहाली: मरीजों की परेशानी चरम पर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल अव्यवस्थाओं का शिकार हो गया है। अस्पताल के पंखे खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं, मच्छरों के प्रकोप के कारण मरीज रातभर सो नहीं पा रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है।

**मरीजों को नहीं मिल रही बुनियादी सुविधाएं**

लातेहार सदर अस्पताल में जिलेभर से गंभीर मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन यहां की अव्यवस्थाओं से वे परेशान हैं। रात के समय वरिष्ठ डॉक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं, और पूरी जिम्मेदारी नर्सों के भरोसे छोड़ दी जाती है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में न तो उचित इलाज मिल रहा है, न ही बुनियादी सुविधाएं। अस्पताल में भर्ती एक मरीज के परिजन चंदन सिंह ने बताया कि उनके परिवार को फूड प्वाइजनिंग हो गई थी, लेकिन अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। आईसीयू वार्ड पूरी तरह भरा हुआ था, लेकिन वहां कोई स्थायी डॉक्टर मौजूद नहीं था। पूरा वार्ड सिर्फ नर्सों के भरोसे चल रहा था। चंदन कुमार सिंह ने सवाल उठाया कि जब अस्पताल में महंगी मशीनें उपलब्ध हैं, तो फिर डॉक्टरों की तैनाती क्यों नहीं की गई है?उन्होंने जिला प्रशासन से अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की अपील की है।

**हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी, मरीजों को मिल रहा अधूरा इलाज**

एक अन्य मरीज के परिजन सन्नी लकड़ा ने बताया कि उनके परिजन सोनू कुमार का पैर एक्सीडेंट में टूट गया था। जब वे उन्हें अस्पताल लाए, तो नर्स ने भर्ती तो कर लिया, लेकिन बाद में बताया गया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ केवल मंगलवार और शुक्रवार को ही आते हैं। अस्पताल में शौचालय की व्यवस्था भी बेहद खराब है। बाथरूम में पानी नहीं होने के कारण गंदगी फैली हुई है।सन्नी लकड़ा, जो अपने घायल परिजन को अस्पताल लेकर आए थे, ने बताया कि 12 मार्च की शाम को मरीज को भर्ती कराया गया, लेकिन रातभर कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। मरीज दर्द से कराहता रहा, लेकिन इलाज के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई।

**अस्पताल उपाधीक्षक का पक्ष**

इस मामले में जब अस्पताल के उपाधीक्षक अखिलेश्वर प्रसाद से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि मरीजों को इलाज या भोजन नहीं मिलता। हमारे यहां मच्छरदानी हर बेड के लिए उपलब्ध है और अस्पताल में रोजाना सफाई की जाती है। एक्सीडेंट के मामलों में रात में एक्स-रे की सुविधा नहीं है, लेकिन दर्द निवारक दवा और इंजेक्शन दिए जाते हैं। हम मरीजों की हरसंभव मदद करते हैं।

# उपायुक्त ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण, महत्वपूर्ण फाइलों समेत स्ट्रॉन्ग रुम का किया जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को समाहरणालय भवन अवस्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्टाक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर, विपत्र भुगतान संबंधी फाइल,वज्रगृह सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति आदि की जांच की। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सहमति प्रदान करते हुए कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग एवं सचिवालय सेवा की परीक्षाएं जो सामान्यतः छात्रों की संख्या के अधिक रहने के कारण दो तिथियों में आयोजित हो रही हैं,इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए वर्तमान परीक्षा हेतु निर्धारित बज्रगृह के साथ संलग्न एक अन्य बज्रगृह के निर्माण की बात कही। चूंकि ये परीक्षाएं काफी संवेदनशील हैं,अतः उक्त परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बज्रगृह में सीसीटीवी अधिष्ठापित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा कोषागार पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने आगे निरीक्षण के क्रम में कोषागार के महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होने बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका,आउटसोर्सिंग वेतन भुगतान संबंधी फाइल, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक,कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली एवं संपूर्ण कार्यालय का निरीक्षण किया।मौके पर



उन्होनें कहा की कोषागार में संचिका,विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं। इस बाबत उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मक उपकरणों यथा फायर सेफ्टी,सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने स्ट्रांग रूम में लगे फायर सेफ्टी यंत्र की क्रियाशीलता एवं सुरक्षा प्रहरियों की उपलब्धता व रोस्टर ड्यूटी चार्ट का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त के द्वारा पूर्व के निरीक्षण में दिए गए निर्देश जिसमें पुराने चुनावी सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा गया था,इसपर कोषागार पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका की कंडिका 19 व 18 के आलोक में उपायुक्त हजारीबाग के आदेशानुसार लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के अति पुराने मत पत्रों की श्रेडिंग हेतु बज्रगृह से मतपत्रों को श्री राज किशोर प्रसाद भूमि सुधार उपसमाहर्ता की उपस्थिति में निर्वाचन शाखा को हस्तगत करा दिया गया है। आगे उपायुक्त ने पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट्स,पेंशन आदि मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने की बात कही। निरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त ने कोषागार कार्यालय संपूर्ण रखरखाव,साफ सफाई,दिव्यांगो एवं वृद्ध पेंशनरों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि को लेकर प्रसन्नता जाहिर की उन्होंने कहा कि पेंशन व अन्य जरूरी कारणों से कोषागार कार्यालय आने वाले लोगों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना निश्चय ही स्वागत योग्य कदम है। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को निर्देश देते हुए कहा की वेतन संबंधी विपत्रो को ससमय कोषागार कार्यालय भेजें ताकि समय पर वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। मौके पर कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया व कोषागार कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# स्कूली वैन को बस ने मारी टक्कर, चार बच्चे घायल, दो हजारीबाग रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की स्कूली वैन बरसोत मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में वैन में सवार आठ बच्चों में से चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 5 वर्षीय पार्थ कुमार पिता अजीत मंडल, 6 वर्षीय अंजली कुमारी पिता रामेंद्र कुमार, 5 वर्षीय स्वेता कुमारी पिता रविन्द्र कुमार और 5 वर्षीय कोमल कुमारी पिता रंजीत मंडल शामिल हैं। ये सभी नर्सरी कक्षा के छात्र हैं और महूगढ़ा के निवासी हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, राकेश रजक, मुन्ना ठाकुर, छोटी साव और झमन साव ने घायलों को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना मिलते ही जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव अस्पताल पहुंचे और बच्चों के इलाज में सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूली वैन जब बरसोत मोड़ पर सड़क पर बने ब्रेकर के पास धीमी हुई, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही सिंह बस ने वैन को टक्कर मार दी। बस चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन वाहन नियंत्रित नहीं हो सका और वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इससे स्कूली वैन बगल में खड़े एक गैस लोडेड ट्रक से जा टकराई। घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पार्थ कुमार और स्वेता कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। एसडी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राहुल पांडेय ने बताया कि वैन रोज की तरह महूगढ़ा से बच्चों को लेकर आ रही थी, लेकिन बरसोत मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि येह बेहद दुखद घटना है। दो बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि पार्थ और स्वेता का इलाज मैं स्वयं हजारीबाग के एक निजी क्लिनिक में करवा रहा हूं। बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस हादसे के बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

# डीडीसी ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रगति की किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपविकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का




निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी बीडीओ को मिट्टी मोरम और टीसीबी के कार्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने और लक्ष्य प्राप्ति करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को निदेशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सही एवं योग्य लाभुको को ही इस योजना का लाभ मिले। बैठक में सभी बीडीओ को पीएम जनमन योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी फील्ड विजिट कर संचालित योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कीजिये और उसकी रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देवप्रिया, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सभी प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हजारीबाग पुलिस द्वारा पांडेय गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस ने पांडेय गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। इस संबंध मे पुलिस के द्वारा जानकारी दी गयी की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पाण्डेय गिरोह के सक्रिय सदस्य विक्की रैन और आजाद अंसारी गिद्दी क्षेत्र में रंगदारी वसूलने के इरादे से आए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर थाना प्रभारी गिद्दी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिद्दी सी माईस के पास छापामारी की। इस छापामारी के दौरान विक्की रैन और आजाद अंसारी को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक टीवीएस अपाची




मोटरसाईकिल, दो एंड्रॉयड फोन और अन्य सामान भी बरामद किया गया। अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है कि ये दोनों पाण्डे गिरोह के नाम पर कोयला व्यवसायियों और ठेकेदारों से धमकी देकर रंगदारी वसूल रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम और पता :** 1. विक्की रैन (उम्र 32 वर्ष), पिता꞉ स्व. सुलेमान रैन, निवासी꞉ होसिर, थाना ङ्क गिद्दी, जिला ङ्क हजारीबाग।, 2. आजाद अंसारी (उम्र 42 वर्ष), पिता꞉ यासिन अंसारी, निवासी꞉ होसिर, थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग।

**बरामद सामान :** 1. एक देशी पिस्टल, चार गोलियां, एक OPPO एंड्रॉयड फोन।, 2. एक TVS अपाची मोटरसाईकिल, दो एंड्रॉयड फोन। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बादम में युवाओं ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** माह-ए-रमजान का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है, वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में युवाओं के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित बच्चे शामिल हुए।मस्जिद में दी गई मगरीब की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। इस दौरान रोजेदारों के लिए कई प्रकार के व्यंजन और फलों की व्यवस्था की गई थी। बिरयानी, तरबूज, अंगूर, केला, संतरा, चना सहित शरबत की व्यवस्था रोजेदारों के लिए की गई थी।

## केरेडारी के बरियातू गांव का शमशान घाट सुर्खियों में

**हजारीबाग/केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चट्टी बरियातू पंचायत के बरियातू गांव का शमशान घाट का मुद्दा इन दिनों सुर्खियों में है। श्मशान घाट का मामला सुर्खियों तब आया जब एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस के एमडीओ कंपनी और संबंधित क्षेत्र के मैनेजिंग ठेकदारों द्वारा श्मशान घाट के जमीन पर अधिग्रहण करने के एवज में मोटी रकम लेकर डील होने का मामला प्रकाश में आया। इस संदर्भ में पड़ताल के दौरान मिली जानकारी के अनुसार लगभग तीन महीने पूर्व चट्टी बरियातू पंचायत के बरियातू गांव निवासी रूपलाल साव उम्र लगभा 45 पिता स्व हुलास साव के लकवा ग्रस्त होने के कारण अकस्मात मौत हो गई। मौत के उपरांत मृतक की पत्नी एतवरीया देवी पड़ोसी खेमलाल साव और कैला साव ने बताया कि शव को जलाने हेतु दादा पुरखों द्वारा निर्धारित शमशान घाट खैर बसर में था। कंपनी द्वारा कोयला खनन के दौरान शमशान घाट का खनन कर दिया गया फिर खनन कार्य कर रही कंपनी के द्वारा शमशान घाट के लिए अन्यत्र जमीन दी गई उस जमीन का भी खनन कर दिया गया। जब हुलास साव की मौत हुई तो परिजन और आस पड़ोस के लोग शव को पूर्व में निर्धारित शमशान घाट के समीप शव को रख कर शव जलाने की बात की पर अड गए। जिस पर ऋत्विक कंपनी के सुरक्षा इंचार्ज के पद पर काबिज डीएसपी द्वारा खैर पावर में शव जलाने की बात कही गई जिसका ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया था। मामले को रफा दफा करने के लिए मृतक के परिजनों को दस हजार रुपए देने की भी बात सामने आ रही है साथ ही मैनेजिंग ठेकदारों को मैनेज करने का जिम्मा सौंपा गया। इस दौरान यह घटना प्रकाश में आया कि मैनेजिंग ठेकदारों द्वारा शमशान घाट के जमीन पर खनन करने के लिए कंपनी से शमशान घाट का मुआवजा लिया जा चुका है। अब चट्टी बरियातू ग्रामीणों के समक्ष यह समस्या उत्पन्न हो गई है कि लोग मरेंगे तो शव को जलाया कहां जाएगा चुकी मैनेजिंग ठेकदारों द्वारा शमशान घाट के जमीन को कंपनी के पास मौखिक सहमति पर बेच दी गई है। एक तरफ जहां लोगों को शमशान घाट की चिंता सता रही है वहीं दूसरी ओर कंपनी और मैनेजिंग ठेकदारों के बीच शमशान घाट के जमीन के लिए हुई डील की भी चर्चा जोरो पर है।

## विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष की रायसुमारी को लेकर बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सभागार में सोमवार को भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन कार्यकारी महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया।विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष की रायसुमारी हेतु जिला से नियुक्त प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा एवं सहयोगी मधुसूदन प्रसाद,डोमन प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति बैठक की गई। बैठक के प्रारंभ के संबोधन में किशोर कुमार मंडल ने कहा कि मैंने मंडल अध्यक्ष के तौर पर पाँच वर्षो तक पार्टी की सेवा की इस दौरान अगर मेरी बातों से किसी को तकलीफ हुई हो तो मैं सार्वजनिक मंच से खेद प्रकट करता हूँ। परिवर्तन संसार का नियम है,इस लिए अब पार्टी को सजाने संवारने के काम नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष करेंगे। रायसुमारी को लेकर गौतम भारती,रवि पाण्डेय,राजेश सोनी एवं अशोक कुमार के चार नाम आये। जिस पर प्रभारी इन्द्रनारायण कुशवाहा ने उपस्थित 12 पंचायतो के बूथ अध्यक्षो को जिम्मेवारी सौपी



की आप सब मिलकर उपरोक्त नामो में सर्वसम्मति से एक नाम तय कर दे तो इससे अच्छी कोई बात और नही होगी। सभी बूथ अध्यक्षो ने बैठक से किनारे जाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मंत्रणा कर गौतम भारती के नाम पर सभी ने सहमति जता दी,और साथ ही कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल से तीन नाम नही सिर्फ एक नाम मंडल अध्यक्ष के लिए भेजा जाय। इसके उपरांत प्रभारी इन्द्रनारायण कुशवाहा, सहयोगी मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता, कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने मंडल अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित नाम गौतम भारती के नाम को जिला भेज दिया गया,जिसपर संभावित 18 -19 मार्च तक प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, रविन्द्र कुमार बर्णवाल( दीपू भाई), राजेन्द्र प्रसाद साव, जीवन सोनी, बबलू सोनी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव,नीतीश कुमार बरनवाल, राजू श्रीवास्तव, सुनील कुमार अकेला, प्रवीण कुमार महतो, धर्मवीर यादव, अंजू देवी, रीना बर्मन, गायत्री देवी,विकास पाण्डेय, भीम राम, बिनोद कुमार गुप्ता, बिसुन साव, सुरेश रजवार, कुन्दन वर्मा, सुरेश राम, मिथलेश कुमार, टेकलाल यादव, मन्नू पाण्डेय, अनुज सोनी,उमेश स्वर्णकार, रामधन माली, मुरलीधर महतो, उत्तम महतो समेत सैकड़ो की सँख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीडीसी ने तकनीकी विभाग की किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर डीडीसी इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण, बिजली विभाग जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत क्रियान्वित योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को पूर्व के योजनाओं और छोटे योजनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का टेंडर हो गया है उसे शीघ्र शुरू करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ, गाल्होबार में किया गया नगर भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार के सपमरवा टोला मे आगामी 02 अप्रैल 2025 से 05 अप्रैल 2025 तीन दिवसीय हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर रविवार को तीन दिवसीय यज्ञ का नीव झंडा रोहन कर किया गया। झंडा रोहन के बाद यज्ञ के आचार्य पंडित किशोरी कांत मिश्र के नेतृत्व में शंख ध्वनि के साथ नगर भ्रमण किया गया। जिसमे काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने सपमरवा, तिलैया, सरकारी भिट्ठा, केंदुवाडीह गावों के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए हनुमान मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य एवं मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, पचांयत समिति प्रतिनिधि गणेश साव, यज्ञ के आचार्य पंडित किशोरी कांत मिश्र, उपाचार्य पंडित राम लखन पाण्डेय, पुरोहित पंडित अर्जुन मिश्र, नित्यानंद मिश्र,ओमप्रकाश पाण्डेय, मनोहर मिश्र, मन्नूदेव मिश्र समेत सैकड़ो का संख्या में भक्त लोग शामिल रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सिविल सर्जन सरयू प्रसाद ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन ने संबंधित पदाधिकारियों को समय पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने, उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध कराने व संस्थागत प्रसव सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं को संचालित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम आदि कर्मियों के कार्यो का समय समय पर आकलन किया जाएगा। अगर वह अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का काम करते हैं तो उन्हें चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन सहित कई स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# तिलैया बस्ती में नौ दिवसीय शिव पुराण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ हेतु निकाली गई भव्य कलश यात्रा

- **भगवान राम का जीवन हमें धर्म, मर्यादा और आदर्शों का पालन करना सिखाता है, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति प्राप्त होती है : किशुन यादव**
- **धार्मिक आयोजन से समाज में सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है : रमेश ठाकुर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती में आयोजित नौ दिवसीय शिव पुराण प्रतिष्ठा श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव से शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत कोनार टांड़ से जल उठाने के साथ हुई। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु विभिन्न गांवों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से कलश स्थापना की गई। इस महायज्ञ के जजमान के रूप में शंकर यादव सपरिवार बैठे हुए हैं। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था को और प्रगाढ़ करने वाला साबित हो रहा है। इस कलश यात्रा में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव,



भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, मणिलाल यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, डीलो पासवा, टेकलाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विनोद यादव, उप मुखिया राजेश यादव और युवा नेता मुन्ना यादव, सतीश यादव, रामदेव यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में राजू राम, मुकेश यादव, लक्ष्मण यादव, जितेंद्र यादव, नकुल राम, सहदेव यादव, सिकंदर राम, उदय राम, नरेश यादव, सुनील दीवाना और रंजीत यादव समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही।महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कई सूखे पेड़ दुर्घटना को दे रहें हैं आमंत्रण

- **सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने अधीक्षक को कराया अवगत, कहा मरीजों और उनके परिजनों के हितार्थ जल्द हटवाए सूखे पेड़ अन्यथा हो सकती है दुर्घटना**
- **अधिक्षक ने किया आश्वस्त, कहा जल्द इसे हटाने की करेंगे कार्यवाही**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के ट्रॉमा सेंटर और लेबर रूम वाले बिल्डिंग के बाहर दो खजूर के सूखे पेड़ और अस्पताल परिसर स्थित पार्क में कई सूखे वृक्ष दुर्घटना को आमंत्रण दे रहें हैं। ये सूखे पेड़ ऐसे जगहों पर हैं जहां मरीजों और उनके परिजनों का हमेशा जमावड़ा रहता है और यहां से हमेशा लोगों का आना



जाना तादात में लगा रहता है। बावजूद इसके शायद अस्पताल प्रबंधन को ये सूखे पेड़ नहीं दिखते हो । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों की सेवा में सदैव सक्रियरूप से सेवारत रहने वाले सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट प्रोफेसर डॉ. अनुकरण पूर्ति को अवगत कराते हुए तत्काल इसे जरूरतमंद मरीजों और परिजनों के हितार्थ सुरक्षित तरीके से हटवाने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया है। रंजन चौधरी ने उन्हें यह भी बताया कि इन सूखे पेड़ों को अगर समय रहते नहीं हटाया गया तो अस्पताल परिसर में इलाज करने आने वाले लोगों को जान- माल की बड़ी क्षति हो सकती है। सुपरिटेंडेंट ने रंजन चौधरी को आश्वस्त किया कि जल्द ही अस्पताल परिसर के सूखे पेड़ों को हटाने की दिशा में उचित कार्यवाही की जाएगी ।

# पाण्डेय गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी ए पुलिस ने पाण्डेय गिरोह के दो सदस्यों को छापामारी कर गिरफ्तार किया है, जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को गिद्दी थाना पुलिस प्रभारी कुंदन कुमार ने प्रेस को दी है।रंगदारी वसूलने की फिराक में थे।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पाण्डेय गिरोह के सक्रिय सदस्य होसीर निवासी विक्की रैन एवं आजाद अंसारी सफेद रंग की अपाची से गिद्दी 'सी' पहुँचे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद गिद्दी 'सी' माइंस के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया।दोनों बदमाश कोयला व्यवसाय एवं ठेकेदार से रंगदारी वसूलने की फिराक में थे। बरामद सामानों में एक देशी पिस्टल, चार गोली, एक ओप्पो कंपनी का एंड्रॉयड फोन, टीवीएस अपाची सफेद रंग व दो मोबाइल एंड्रॉइड फोन मिले हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक के अनुसंधान में पता लगा है कि पाण्डेय गिरोह के नाम से कोयला व्यवसाय एवं ठेकेदारों को धमका कर रंगदारी वसूलने का काम करते थे, जिन पर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर थाना प्रभारी गिद्दी ए के नेतृत्व में एक टीम गठन कर कार्रवाई की गई।

**कार्रवाई में ये पुलिसकर्मी शामिल**

छापेमारी में थाना प्रभारी गिद्दी कुंदन कुमार, पुलिस एसआई रथु उरांव, एसआई कुमार अश्विनी, चालक आरक्षी अनिल कुमार सिंह, रिजर्व गार्ड हवलदार इंद्रदेव मोची, ओम प्रकाश कुमार महतो आदि शामिल थे।



## ललकू करमाली का स्मृति दिवस मनाया गया : भाकपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भाकपा-माले के ललकू करमाली का स्मृति दिवस ग्राम कंजगी में मनाया गया। भाकपा-माले के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला कमेटी के सदस्य जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया, कांति देवी,रूपन गोप,कुलदीप बेदिया अन्य उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर एक मिनट का श्रद्धांजलि दी गई।नेताओं ने कहा कि भाकपा-माले फासीवाद भाजपा के खिलाफ आंदोलन तेज करने के लिए गांव-गांव में मजबूत अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया। अभी पार्टी की जिला व राज्य सम्मेलन को सफल करने के लिए सदस्यता भर्ती और नवीकरण कार्य तत्काल पुरा कर लिया जाए और सांगठनिक ढांचा का गठन-पुनर्गठन भी कर लें।

## एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गोला के गेट सहित कई समानो को अज्ञात लोगों ने किया क्षतिग्रस्त





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** होली के छुट्टी के दौरान एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय स्कूल गोला के गेट,सप्लाई पानी का पाइप ,दिव्यांग बच्चों के चढ़ने वाला रेलिंग और मध्यान भोजन में पानी टंकी भरने वाला पाइप को क्षतिग्रस्त किया गया।इसके साथ खेल मैदान में बच्चों का चेंजिंग रूम में सभी मौजूद सुविधाएं को क्षतिग्रस्त किया गया। विद्यालय परेशान हैं जब से आम रास्ता बंद किया गया तब से कुछ लोगों को बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। इससे पहले भी विद्यालय के बाउंड्री में लगे गेट को अज्ञात लोगों ने तोडा है,साथ ही विद्यालय की जमीन में अतिक्रमण करने का प्रयास भी किया जा चुका है। शिक्षकों से दबंग किस्म के लोगों से गाली गलौज और कहासुनी होते रहता है। राष्ट्रगान के समय किसी को रोका जाता था तो शिक्षकों को ट्रांसफर का धमकी गाली गलौज किया जाता था। विद्यालय परिसर सहित मुख्य द्वार पर गेट लग जाने से बच्चों के साथ छेड़खानी रुक गया दुर्घटना रुक गई बच्चे स्वतंत्र रूप में मैदान में रहते हैं तथा खाना खाते हैं। कुछ लोगों को विद्यालय का स्वच्छ वातावरण कुछ लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है विद्यालय के सदस्यों का कहना है अब आर पार की लड़ाई होगी समस्या को ज्यादा दिन तक रखा नहीं जाएगा।इस घटना की जानकारी मिडिया को सोमवार को विद्यालय के शिक्षक शिवप्रकाश ने दी?।

## डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण : कल्याणजी प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सोमवार को कोल इंडिया लिमिटेड,रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदत्त आधुनिक और हाई-कॉन्फ़िगरेशन कंप्यूटर सेट का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद, विद्यालय के कोषाध्यक्ष सह नोडल अधिकारी(सीएसआर) आशीष झा,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी,स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार,स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया।इस दौरान प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों का परिचय कराया एवं उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी द्वारा मुख्य अतिथियो का पुष्प- गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदानकर स्वागत किया गया।विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कंप्यूटर सेट का उद्घाटन सीसीएल,रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद के द्वारा पूजन करके किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और सीसीएल के अधिकारी,श्रम संगठन प्रतिनिधिगणअनिल प्रसाद,चंदेश्वर सिंह , रविन्द्र वर्मा, किशोरी प्रसाद, आर पी सिंह,प्रदीप उपस्थित थे।लैब में नवीनतम तकनीक के हाई-कॉन्फ़िगरेशन कंप्यूटर सेट स्थापित किए गए हैं। जो छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा और डिजिटल कौशल में बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।मौके पर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और यह छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगी। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सीसीएल के सहयोग को जारी रखने का आश्वासन दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने सीसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह लैब छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लैब से छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।छात्र-छात्राओं ने भी इस लैब के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वे इसका उपयोग अपने कंप्यूटर कौशल को बढ़ाने के लिए करेंगे।कार्यक्रम का संचालन आचार्या ज्योति राजहंस ने किया।धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य शम्मी राज,दिलीप सिंह,देव कुमार,शशि कान्त, सेखर कुमार,आरती झा,गौतम कुमार,अनूप झा,रानी क ु म ा र ी , अ ं ज ल ी , द ु ग ा र्र प्रसाद,अमरदीप,कुंदन मिश्रा की प्रमुख भूमिका रही।



## भारती मंडली रामनवमी कमेटी सौदागर मोहल्ला की बैठक संपन्न हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री श्री शिवनाथ धाम मंदिर परिसर में भारती मंडली रामनवमी कमेटी सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी की बैठक संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि  हार साल की तरह इस वर्ष भी भारती मंडली रामनवमी पूजा कमिटी द्वारा जुलूस चलंत झांकी निकली जाएंगी आकर्षक और मनमोहक जुलुस झांकी की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है श्री ठाकुर ने बताया कि जिस रूट से हमारे जुलुस निकलते हैं सड़क बिजली की तार की व्यवस्था दुरुस्त किया जाए और साफ-सफाई भी किया जाए क्योंकि प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर की पूजा धूमधाम से भी किया जाता है सौदागर मोहल्ला की सड़कों में साफ सफाई छावनी परिषद जिला प्रशासन की पहल पर हो जल्दी इन सभी समस्याओं को को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा भारती मंडली कमेटी की इस बैठक में राजेश मुंडा रामदेव पांडेय अनिल रजक रवि रजक दीपक गुप्ता आशीष गुप्ता भूरा कुमार मितलेश रजक विकी जयसवाल सूरज कुमार बीटू मुंडा अमन कुमार सुरज अग्रवाल ऋतिक अग्रवाल लकी रजक मनीष कुशवाहा अमन कुमार विनोद रजक गणेश ठाकुर पवन महतो नवीन सोनी दीपक गुप्ता सुधीर अग्रवाल कृष्ण पांडे सोनू अग्रवाल नवीन सोनी सत्यम मुंडा राजेश जायसवाल गणेश ठाकुर आदि सैकड़ों युवा उपस्थित थे

## सांसद मनीष जायसवाल ने कोनार और तिलैया डैम के विस्थापितों और कोनार सिंचाई परियोजना का मुद्दा लोकसभा में उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने लगातार अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित जन-जरूरत से जुड़े मुद्दे को मुखरता से देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के पटल पर उठाते हुए समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया है। वर्तमान बजट सत्र के दौरान सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने एक अत्यंत जरूरी मुद्दे को प्रमुखता से लोकसभा के पटल पर उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा के अध्यक्ष से कहा कि अध्यक्ष जी आपके माध्यम से सरकार का ध्यान झारखंड की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना कोनार परियोजना पर आकृष्ट कराना चाहता हूं। आगे उन्होंने कहा कि इस तिलैया डैम और कोनार डैम का निर्माण 1955 में हुआ था। इन डैम के निर्माण से हजारों गांवों के लोग विस्थापित हुए जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही, विष्णुगढ़ और चंदवारा के बहुत सारे लोग शामिल हैं। विस्थापित हुए लोगों का आज तक पुनर्स्थापन नहीं हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से अपनी मांग रखते हुए सरकार से आग्रह किया कि तिलैया डैम और कोनार डैम के सभी विस्थापितों को अविलंब पुनर्स्थापन कराया जाय ।सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि कोनार डैम से नहर की योजना 1978 में चालू हुई जो 50 वर्ष बाद आज तक पूर्ण नहीं हो सका और एक भी गांव को इस योजना से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया। उन्होंने मांग किया कि कोनार डैम के सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार संपूर्ण कराए, यहां हाइडल पॉवर लगाए और कोनार डैम क्षेत्र में टूरिज्म डेवलप करें ताकि लोगों को यहां रोजगार मिल सके। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के करीब 85 गांव को पानी मिलना था और लगभग 63 हज़ार एकड़ भूमि सिंचित होने का लक्ष्य था जो अबतक लंबित है ।



## रामगढ़ विधायक ममता देवी विधानसभा परिसर में मॉर्निंग वॉक करते



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधायक ममता देवी  के साथ मॉर्निंग वॉक का एक अद्भुत अनुभव रहा। हरी-भरी फिज़ाओं और ताज़ी हवा के बीच स्वास्थ्य, क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक ममता देवी जी ने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एक सच्चे जनप्रतिनिधि के लिए जनता की सेवा हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण से क्षेत्रवासियों को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान विधानसभा परिसर की हरियाली के बीच ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा से भरे वातावरण में सामाजिक उत्थान व विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक महोदया के जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह स्पष्ट है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश आदि।

## झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा आयोजित

➡ अमित कुमार सिन्हा लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष

➡ विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कई सदस्य किए गए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन रविवार को  वैष्णो देवी मंदिर गली रोड स्थित उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता के आवासीय कार्यालय परिसर किया गया । मौके पर नए सत्र के लिए सर्वसम्मति से अमित कुमार सिन्हा को लगातार तीसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया । अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। मौके पर अपने सम्बोधन में अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा की झारखंड सेवा समिति लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करती आई है और आनेवाले समय में भी समिति समाज के जरूरतमंद लगन की सेवा करती रहेगी। कहा की अब संगठन का सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा । हर माह समिति की कम से कम एक बैठक आयोजित की जाएगी । साथ ही संगठन से नए सदस्यों को जोड़कर इसका विस्तार किया जायेगा। अमित कुमार सिन्हा ने कहा की हमारे संगठन का मूल उद्देश्य समाज की सेवा है और हम उसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे ।जबकि बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता उर्फ नंदू बाबू ने झारखंड सेवा समिति के गत वर्ष हुए कार्यों व भविष्य के योजनाओं से उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों को अवगत कराया ।आमसभा का संचालन सचिव रंजन फौजी उर्फ छोटन सिंह ने किया । जबकि कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने के लिए व समाज में  अलग पहचान बनाने के लिए झारखंड सेवा समिति की  सम्मानित सदस्य शीतल सिंह, सुशीला देवी तथा सोनी कुमारी व डॉक्टर सागर कुमार को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन  चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ने किया ।

**ये थे उपस्थित**

बैठक में  विनोद साहू, राजेश प्रसाद, अधिवक्ता आनंद सिन्हा,गया प्रसाद, शिवनंदन प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार महतो, डॉ सागर कुमार, कौशल सिंह, किशोर गुप्ता, शिव शंकर साहू, शीतल सिंह, सुशीला देवी, सोनी कुमारी, शशि पांडे, रोहित कुमार गुप्ता, रणधीर कुमार, आयुष कुमार, संतोष कुमार रंजन आदि कई लोग उपस्थित थे ।

## बसंतपुर कोतरे परियोजना में धरना स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस बल रहें ,ना की लाठी चार्ज व हमले के उद्देश्य से  : जयराम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की रंगों का त्योहार होली प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है! झारखंड में जहां एक और होली का जश्न है, तो दूसरी ओर रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर कोतरे में हजारों ग्रामीण पिछले 20 दिनों से विस्थापन के खिलाफ आंदोलनरत है! पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक आदरणीय टाइगर जयराम महतो ने बसंतपुर कोतरे च्च्क्क परियोजना का मामला को लेकर विधानसभा में 25.02.2025 को जोरदार तरीके से आवाज थी  ! और आज होली के दिन पुन~ मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को  टाइगर जयराम महतो ने 14.03.2025 को पत्र (स्थ्र्रुष्ठस्र201/25) के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि बसंतपुर कोतरे में केबीपी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिना नियोजन व मुआवजा की प्रक्रिया किए बगैर बलपूर्वक उत्खनन का कार्य आरंभ किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रही ग्रामीण महिलाओं की स्थिति की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं! महोदय विगत 20 दिनों से उक्त स्थल पर अपनी जायज मांगों को लेकर ग्रामीण महिलाएं धरने पर बैठी है! तथा अभी वर्तमान में महिलाओं और पुलिस बल के मध्य संघर्ष का वातावरण तैयार हो चुका है! 13.03.2025 को एक भयावह तस्वीर सामने आई! जिससे एक तरफ ग्रामीण महिलाएं और दूसरी तरफ पुलिस बल आक्रमण की तैयारी में! झारखंड में पूर्व में कई ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी है ,जहां पुलिस बल के सहयोग से रैयतों का दमन किया गया हो ! उक्त स्थल पुनरावृति दोहराने की स्थिति में है! आखिर कब तक रैयत अपनी जमीन से विकास के नाम पर बगैर पुनर्वास, नियोजन व मुआवजा के उजड़ते रहेंगे ! इसलिए मुख्यमंत्री महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि एक जांच टीम गठित हो ,तत्पश्चात रैयतों व कंपनी के मध्य वार्ता कराके निष्कर्ष निकाला जाए! जब तक मामले का निष्पादन ना हो, जिला प्रशासन को निर्देश दिया जाए कि धरना स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से रहे, ना की लाठी चार्ज और हमले के उद्देश्य।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अवैध कोयला लोड मोटरसायकिल के धक्के से दो छात्रा सहित एक युवक जख्मी

## आक्रोशित लोगों ने कोयला लोड मोटरसायकिल को आग के हवाले कर सड़क जाम किया



➡ लोगो ने पुलिस पर अवैध कारोबार का संरक्षण देने का कई आरोप लगाते हुए धंधा को बंद करने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी रेलवे पुल के पास कोयला लोड मोटरसायकिल के धक्के से दो छात्रा सहित युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर मधुबन पुलिस ने उक्त स्थल से एक कोयला चोर को हिरासत में ले लिया। इधर आक्रोशित लोगों ने कोयला लोड मोटरसायकिल को आग के हवाले कर महुदा-नावागढ़ सड़क मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान मधुबन पुलिस पर लोगो ने अवैध कोयला ढुलाई का संरक्षण का आरोप लगाते हुए जम कर भड़ास निकाला। लोगो ने पुलिस पर अवैध कोयला धंधेबाज को संरक्षण के कारण खुलेआम दिन भर मोटरसायकिल से कोयला ढुलाई व बगल में खरखरी ओपी क्षेत्र में डंके की चोट पर अवैध डिपू, अवैध माइंस का संचालन का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि दर्जनों की संख्या में अवैध कोयला लोड मोटरसायकिल पिपराटांड़ बस्ती व खरखरी ओपी क्षेत्र के मरघटी के समीप गिराया जाता है।

## बीएसके कॉलेज में उच्च शिक्षा को लेकर भवन निर्माण जमीन का निरीक्षण में पहुंचे निरसा विधायक



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैथन स्थित बीएसके कॉलेज में केंद्र सरकार द्वारा नए भवन का निर्माण किया जाना है। जिसको लेकर जमीन चिन्हित कार्य किया जा रहा है। सोमवार निरसा विधायक अरूप चटर्जी जमीन निरीक्षण को लेकर बीएसके कॉलेज पहुंचे। इस दौरान विधायक अरूप चटर्जी ने कहा मैथन स्थित बीएसके कॉलेज में केंद्र सरकार द्वारा उच्च शिक्षा को लेकर नए भवन का निर्माण एचआरडी विभाग द्वारा भवन निर्माण किया जाएगा। भवन निर्माण को लेकर स्थल का निरीक्षण किया गया है। जिसको लेकर जमीन के मालिक और विभाग द्वार अधिकारी, निर्माणकार्य के संवेदक सभी मौजूद है। जल्द ही भवन निर्माण कार्य शुरू की जाएगी। नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया है।

## अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स में समन्वय प्रदर्शनी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समय बदलता है, जिंदगी नई राहों पर चल पड़ती है, लेकिन दोस्ती और कला की जड़ें हमेशा गहरी बनी रहती हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव और कला के प्रति समर्पण को दर्शाने के लिए गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने समन्वय नामक एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। 10 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 70 पूर्व छात्रों में से 30 कलाकारों की पेंटिंग और मूर्तियां प्रदर्शित की गई। इन कलाकारों ने कला की विभिन्न विधाओं जैसे जल रंग, ऐक्रेलिक, मिश्रित मीडिया, चारकोल, सिरेमिक पेंटिंग, कांस्य और एल्युमिनियम की मूर्तियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह जानकारी कलाकार सुब्रत कुंडू ने दी। इस कला संगम में तीन दिवंगत कलाकारों अरिंदम सरकार, विवेकनाथ पंडित और सोमा बसु को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कलाकार राजेश चक्रवर्ती द्वारा बनाई गई इन तीनों की डिजिटल पेंटिंग प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रही।

## शक्ति संवर्धन गायत्री महाराज एवं दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा में शामिल हुई झरिया विधायक




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बस्ता कोला मंडल स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं दिव्य अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा में झरिया विधायक रागिनी सिंह सम्मिलित हुई। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि कलश रथ यात्रा में सहभागी होकर मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूँ। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक का प्रतीक है, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता लाने का भी एक सशक्त माध्यम है। यह यज्ञ सभी को शांति, शक्ति और सद्बुद्धि प्रदान करे। गायत्री माता की कृपा हम सब पर बनी रहे। उन्होंने कलश रथ यात्रा एवं महायज्ञ के आयोजकों को अपनी बधाई दी। कलश यात्रा मे सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व उनकी पत्नी जया सिंह समेत सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और मां गायत्री की आरती और अराधना किया।

## पिंटू ने पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मध्य रेल के जेड.आर.यू.सी.सी सदस्य पिंटु कुमार सिंह यात्रियों की समस्याओं को लेकर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मिल कर ज्ञापन सौंपा। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने यात्री सुविधा से जुड़ी मांगों पर समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। यात्री सुविधाओं को लेकर ज्ञापन में धनबाद रेल मंडल से बंगलौर, पुणे एवं नई दिल्ली के लिए एक विशेष ट्रेन चलाने, सभी स्टेशनों पर मेडिकल की दुकान खोलने, सभी स्टेशनों पर रेल नीर की व्यवस्था करने, धनबाद स्टेशन सहित सभी बड़े स्टेशनों पर एक मेडिकल दुकान की व्यवस्था करने की मांग की। वहीं धनबाद रेलवे स्टेशन के सामने काफी दिनों से अवैध पार्किंग रहता है जहाँ रात्रि में बहुत सारा गलत काम किया जाता है, उस पर रेल प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करने की भी मांग की गई।



## सेन्द्रा में महिला इज्तिमा सम्पन्न, औरतें भी अपना ज़कात अदा करें : रिज़वाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मकतबे बाग़-ए-आयशा, मदनाडीह-सेन्द्रा में औरतों के लिए महिला इज्तिमा सम्पन्न हुआ। रमज़ान की वजह से सुबह 10 से 11 बजे रखा गया। इस इज्तिमा में मदनाडीह, सेन्द्रा के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चियों ने शिरकत की और रमज़ान की फ़ज़ीलत को समझ कर उस पर अमल करने का इरादा किया। इस इज्तिमा की शुरुआत मकतब की छात्रा नायरा परवीन ने कलामे पाक की तिलावत से की। अनाबिया परवीन और आयशा समीर ने नात शरीफ के कलाम पेश की।इस इज्तिमा में मोअल्लिमा रिज़वाना परवीन ने रोज़ा और ज़कात के मसाइल को समझाया और बताया कि साहिबे निसाब औरतों को भी अलग से ढाई फ़ीसदी के हिसाब से ज़कात की अदायगी करनी ज़रूरी है। मायके से दुल्हन को जो गहने मिलते हैं, उनकी जकात दुल्हन पर ही फर्ज है, वह खुद अदा करें या उसकी इजाजत से उसका शौहर या बाप, भाई वगैरह अदा करें। साथ ही, उन्होंने शबे क़द्र की फजीलत को बयान करते हुए कहा कि शबे क़द्र को रमज़ान की पांच रातों 21, 23, 25, 27, 29 में तलाश करने का हुक्म है।इसमें खुशबू ख़ातून, तबस्सुम बानो, अफ़साना ख़ातून, ज़ेबा बानो, रोज़ी परवीन, जूली परवीन, नगमा ख़ातून, सबीना परवीन, रेहाना ख़ातून, नाज़िया ख़ातून आदि भी शामिल थीं।

# डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में चौथे चरण के लिए नामांकन हेतु उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता




**झरिया :** मॉडल स्कूल सीएफआरआई, धनबाद में चौथे चरण के नामांकन के लिए उमड़ी भीड़। इसके अंतर्गत एलकेजी से कक्षा नवीं तक कुल 100 आवेदन आए एवं सभी अभ्यर्थियों ने भाग लिया। स्कूल की प्राचार्या ने अभिभावक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं तथा उन्हें अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़ने का हक है। हमारा विद्यालय शहर के अग्रिम विद्यालयों में से एक है। यहाँ स्मार्ट शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्मार्ट क्लासरूम, नृत्य एवं संगीत शाला, एम्यूजमेंट पार्क आदि की व्यवस्था है। उन्हें पूर्णरूप से खिलने का अवसर हम देते हैं। हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासन है। इस नामांकन प्रक्रिया का परिणाम 17/03/2025 के दोपहर 02 बजे के बाद से ही स्कूल के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

# शमशेर आलम ने बाबूलाल मरांडी पर साधा निशाना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** गिरिडीह में हुई घटना पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा सांप्रदायिक राजनीति करने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि गिरिडीह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन श्री मरांडी झारखंड में किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सतरंगी सांप्रदायिक चश्मे से देखते हैं और हर घटना में सांप्रदायिकता का जहर घोल कर लोगों के बीच नफरत फैला कर भाजपा की जड़े मजबूत करना चाहते हैं, जिसमें वह सफल नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में हुई घटना उपद्रवियों द्वारा अंजाम दी गई थी इसे किसी भी धर्म या समुदाय विशेष से जोड़कर नहीं देखना चाहिए बल्कि घटना में जो जो लोग शामिल थे उनके खिलाफ कार्रवाई पर बल देना चाहिए। इसके विपरीत श्री मरांडी एक विशेष नजरिये के तहत सामाजिक वैमस्यता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। गिरिडीह की घटना को लेकर भाजपा पूरे राज्य में अशांति का वातावरण बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने तेजी के साथ घटना के दोषियों पर कार्रवाई करते हुए किसी अनहोनी को टाल दिया उससे इनकी दंगाई सोच धरी रह गई। बाबूलाल जी जिस प्राथमिकी का हवाला दे रहे हैं, उन्हें उसे पूरी तरह से पढ़ना चाहिए। प्राथमिक में किसी वर्ग धर्म और समुदाय विशेष के लोगों को निशाना नहीं बना कर घटना स्थल के साक्ष्यों के आधार पर उन तमाम लोगों पर कार्रवाई के बारे में घटना स्थल पर उपस्थित पदाधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई है जिनके बारे में प्रमाण और जानकारी मिली। सरकार जांच कर दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# भाकपा माले का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन, दस बूथों को मिला कर बनेगा एक कमिटी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** निरसा के मुगमा स्थित डाक बंगला में भाकपा माले का एगारकुंड प्रखंड सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य रूप से निरसा से माले विधायक अरुप चटर्जी और पार्टी के जिला सचिव मौजूद रहे। सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में निरसा, एगारकुंड और कलियासोल से भाकपा माले कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में पार्टी का झंडा फहराया गया और शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित दो मिनट मौन रखा गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखते हुए क्षेत्र में हो रही समस्या से लोगों को अवगत कराया साथ ही कहा कि क्षेत्र में नए उद्योग लाने और बेरोजगारों को रोजगार देने की आवश्यकता है। कोई विधायक अरुण चटर्जी ने मीडिया से कहा कि पहली बार भाकपा माले द्वारा प्रखंड सम्मेलन कार्यक्रम किया गया है। जिसमें दस बूथों को मिला कर एक कमेटी बनाया जा रहा है जहा सभी कमिटी का एक सचिव होगा। श्री चटर्जी ने कहा इस तरह से पार्टी का विस्तार होगा और आने वाले समय में संगठन अच्छी तरह से काम करेगी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी (निर्वाचन शाखा)**

**निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथासंशोधित) के नियम 14 के अनुसार मतदाता सूची तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय एवं संबंधित वार्ड कार्यालयों में भी मतदाता सूची आम जनों के निरीक्षण हेतु प्रत्येक कार्यालय दिवस में समय 11:00 बजे से 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। साथ ही उक्त मतदाता सूची जिले के वेबसाईट www.khunti.nic.in पर भी उपलब्ध है।

निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने की अर्हक तिथि 01.10.2024 है। उक्त अर्हक तिथि के संदर्भ में नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि विशिष्टियों की वाबत कोई आक्षेप हो तो वह दावा/आक्षेप/आपत्ति दिनांक 20.03.2025 तक प्रपत्र–क(परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय/संबंधित पर्यवेक्षक को प्रस्तुत कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, खूँटी

PR 348566 (Election)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य),रॉची**

**शुद्धि पत्र**

सूचना सं०:–23 रॉची,दिनांकः–17/03/2023

इस कार्यालय पत्रांकः–185, दिनांकः–07/03/2025 के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के कर्मशालों रिपेयरिंग/ओवलहॉलिंग/पेन्टिंग आदि हेतु अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई है, जिसका PR NO.-348019 दिनांक–07/03/2025 है, जिसमें निविदा खोलने की तिथि 17/05/2025 समयः–03:00 बजे अपराह्न रखा गया है, को अपरिहार्य कारण से निविदा की तिथि विस्तारित करते हुए दिनांक–20/03/2025 समयः–03:00 बजे अपराह्न रखा गया है। शेष सभी शर्त्तें यथावत् रहेगा।

ह०/–
प्रवर कोटि प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची

PR 348588 Labour Employment and Traning(24-25).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई– अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 05/RIV/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 17.03.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टि फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/30/2024-25 | मयूरहण्ड प्रखण्ड के मंझगांवा पंचायत में पी॰डब्ल्यू॰डी॰ रोड महेशा से आर॰ई॰ओ॰ रोड तिलरा तक पथ का निर्माण कार्य (लं॰– 2.625 कि॰मी॰)। | 295.355 | दो करोड़ पन्चानबे लाख पैंतीस हजार पाँच सौ मात्र | 15 माह | पंचम् |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **20.03.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **26.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **28.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 348620 Rural Work Department(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।**
**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –44/2024–25**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 24.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 25.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 25.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fitting s & sewerage work at Ground floor Short Lobby Boy's Hostel No -3, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1819343.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & Renovation of General toilet and bath room (Right Side), improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work D -2 Block at 3rd floor Neuro Surgeon Department RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1358327.00 | 28000.00 | 2500.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 348585 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

खराब सड़कों को किया जा रहा है दुरुस्त, बिछ रहा है सड़कों का जाल : विधायक भूषण बाड़ा

# सिमडेगा कुरडेग मुख्य पथ का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास, खराब सड़क से लोगों को मिलेगी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जर्जर सड़क से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। नए सड़कों का निर्माण के अलावे पुराने जर्जर सड़कों को तेज गति से मरम्मत किया जा रहा है। ताकि लोगों को अवागमण में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक सोमवार को शहर के झूलन सिंह चौक में सिमडेगा-कुरडेग मुख्य पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी भी उपस्थित थे। बताया गया कि सड़क का मरम्मत पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क न सिर्फ कुरडेग प्रखंड को जोड़ता है। बल्कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्य के अलावे दक्षिण भारत को भी जोड़ता है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण इस सड़क पर से गुजरना जानलेवा साबित हो रही थी। इसी को देखते हुए कुरडेग पथ कर मरम्मत कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आज कई दर्जन जर्जर सड़कों का मरम्मत कराया जा रहा है। जबकि अनगिनत नई सड़कें बनाई जा रही है। कुल मिलाकर क्षेत्र में सड़कों का तेजी से जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो विकास की महज एक झलकी है। सड़कों को दुरुस्त करने के बाद धरातल में अन्य विकास योजनाओं को तेजी से उतारा जाएगा। विधायक ने कहा कि विकास योजनाएं तो धरातल में उतारा जा रहा है। लेकिन उसमें भ्रष्टाचार हावी है। कई योजनाएं भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ चुका है। अधिकारी और संवेदक इसे लुट खसोट का जरिया बना चुके हैं। विधायक ने कहा कि विकास कार्य में भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्?टाचार में संलिप्?त लोगों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा।

**विधायक के प्रयास से विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है सिमडेगा : जोसिमा खाखा**

मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य को रफ्तार मिली है। आज विकास की योजनाएं धरातल में उतरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से सिमडेगा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने खिलाड़ी सुमन प्रजापति को प्रदान किया किट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज बोशिया (Boccia) खेल से जुड़े खिलाड़ी सुमन प्रजापति को खेल किट प्रदान किया। इस किट में खेल में इस्तेमाल होने वाली गेंदें शामिल हैं। सुमन ने इस वर्ष विशाखापत्तनम में आयोजित नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। वे झारखण्ड के इकलौते खिलाड़ी हैं जो इस खेल में किसी जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में ग्वालियर में आयोजित नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में युगल जोड़ी के रूप में भी रजत पदक हासिल किया था। सुमन सलगी, लोहरदगा के रहनेवाले हैं जो वर्तमान में कुटमू, लोहरदगा में रहते हैं। आज इस मौके पर उपायुक्त ने सुमन प्रजापति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुमन के पिता तालकेश्वर प्रजापति व भाई आदित्य कुमार भी मौजूद थे।

## साप्ताहिक बाजार से ईंट व्यवसायी की अज्ञात चोरो ने मोटरसाइकिल चोरी घटना को दिया अंजाम, कैरो थाना में मामला दर्ज




**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय कैरो स्थित सात्ताहिक बाजार में 16 मार्च रविवार को कुडु थाना क्षेत्र के सुकुरहूट्टू ग्राम निवासी ईंट व्यवसायी विजय प्रकाश सिंह की एसपी साईन मोटरसाइकिल जेएच 01 सीपी-3752 को अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को दिया अंजाम। सुकुरहूट्टू निवासी विजय सिंह कैरो रविवार को स्तहिक बाजार में सब्जी खरीदने आये हुये थे,वे कैरो बाजार तांड़ स्थित हनुमान मंदीर के समीप अपना मोटरसाइकिल खड़ा करके सब्जी खरीद रहे थे। सब्जी खरीदने के बाद जब वे अपने मोटरसाइकिल के पास आये तो देखे की वाहन गायब था। कैरो सात्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल चोरी की यह तीसरी घटना है। मामले पर कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि सुकुरहुट्टू निवासी ईंट व्यवसायी विजय प्रकाश सिंह की लिखित शिकायत पर कैरो थाना काण्ड संख्या 16/25 बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

## किशोर गनोदिया ने प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो दे कर किया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच चंदवा शाखा द्वारा होटल तनिष्क में शानदार होली मिलन समारोह सह बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा को चंदवा शाखा अध्यक्ष किशोर गनोदिया ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में लोहरदगा डाल्टनगंज, गुमला, लातेहार, चतरा, चंदवा, शाखा सहित विभिन्न जिलों से युवा साथी उपस्थित रहे। इस अवसर झारखंड चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री, मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने मंच के द्वारा किए जा रहे अनगिनत सामाजिक कार्यों पर अपने विचार रखे।महामंत्री सार्थक अग्रवाल उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा, लोहरदगा शाखा के अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, सचिव आशीष पोद्दार, सह सचिव शुभम शर्मा, शशांक सहित हर जिले के पदाधिकारी और सदस्य सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित हो कर होली की खुशियां मनाई और समाज सेवा को अग्रसर रहने का संकल्प दोहराया।

## चीक बड़ाइक समाज का सम्मान समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड चीक बड़ाईक समाज का दीवान-सरदार सम्मान समारोह का आयोजन पतिअम्बा चीक टोली में धुम धाम से मनाया गया। समारोह में मनोहरपुर, टिनगीना, सिमरिया, ओडगा बरकीटांगर, कोलोमडेगा, कारीमाटी और अन्य गांव से समाज के बुध्दिजीवी और समाजसेवियों ने भाग लिया।चीक बडाईक समाज में पहली बार यह कार्यक्रम हुआ। चीक बडाईक समाज के संरक्षक श्री चतुर बडाईक, प्रखंड अध्यक्ष श्री माघु बडाईक, सचिव श्री फिरनाथ बड़ाइक, कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय बड़ाईक, उपाध्यक्ष जयंती देवी, उपाध्यक्ष श्री विजय बड़ाइक, पतिअम्बा मुखिया बिमवा देवी,धाधु बडाईक, सुकरा बडाईक आदि ने समारोह में समाज का मार्गदर्शन किया। समारोह का शुरुआत समाज के अगुआ स्व भजन राम बडाईक ग्राम कारीमाटी, स्व फेकू बडाईक ग्राम कोलोमडेगा, स्व कालूराम बडाईक ग्राम पतिअम्बा, स्व उगनाथ बडाईक ग्राम पतिअम्बा, और स्व रामकुंवर बडाईक ग्राम पतिअम्बा के तस्वीर पर चंदन टीका और फुल माला पहनाकर पूजा अर्चना किया गया। समारोह में उपस्थित सभी देवियों और सज्जनों के द्वारा पुष्प, अक्षत समर्पित कर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया।दीवान- सरदार को गमछा ओढा कर सम्मानित किया गया। श्री चतुर बडाईक के द्वारा स्व भजन राम बडाईक की जीवनी बताया गया,और स्व फेकु बडाईक की जीवनी श्री माघू बडाईक जी ने विस्तार से बताया। समारोह में वक्ताओं ने समाज की तरक्की पर विशेष रूप से फोकस डाला और कहा कि समाज को बुलंदी तक ले जाना हर सदस्य का कर्तव्य है। नशापान, शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों सहित अन्य बिंदुओं पर भी फोकस किया गया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में माघु बड़ाइक, सुकरा बड़ाइक, धाधु बड़ाइक, राम बड़ाइक सहित पतिअम्बा ग्राम के नवयुवक एवं नवयुवतियों का महती भूमिका रहा।

# पवित्र रमजान माह में रोजादार की सभी दुआएं होती है कबूल : जिब्राइल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित नौजवान कमेटी सेन्हा के द्वारा कब्रिस्तान के समीप मैदान में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार से पूर्व मौलाना जिब्राइल अहमद ने दुआ मांगी और उन्होंने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को बताते हुए कहा कि पवित्र रमजान माह में रोजादार की दुआएं कबूल होती है। इफ्तार से पहले अल्लाह से नेक दुआ मांगे तो जरूर कबूल होगा। गांव सहित क्षेत्र में अमन चैन और शांति के साथ समृद्धि आए और लोगों में आपसी भाईचारगी और अल्लाह मोहब्बतें दें साथ ही कहा कि जो रोजा रख रहें हैं.उनको और जो नहीं रखें हैं। उन सभी को अल्लाह नेक रास्ते पर चलने की हिदायत आता फरमाये। वही उन्होंने ने बताया कि रोजेदार को एक खजूर या पानी से रोजा खुलवाने में काफी शबाब है। और पवित्र रमजान माह में गरीब असहाय के लिये जकात फ़ितरा अदा करें जिसे जरूरत मंदों का सहयोग हो सके तथा अमीर गरीब छोटे बड़े सभी लोग को ईद की नमाज में खुशी से शामिल करें। मौके पर सदर मुख्तार अंसारी,सेक्रेटरी अजरूद्दीन अंसारी के अलावे नूर मोहम्मद, अब्दुल मन्नान, मकबूल, अफरोज आलम, बाबर अंसारी समेत अन्य मुस्लिम धर्मावलम्बी के गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

## जलडेगा चर्च में दो दिवसीय भिखारीएट स्तरीय 10वां वार्षिक महिला संघ अधिवेशन का किया गया आयोजन



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा चर्च में दो दिवसीय जलडेगा भिखारीएट स्तरीय 10वां वार्षिक महिला संघ अधिवेशन का आयोजन किया गया। भिखारीयट डीन फादर जेवियर की अगुवाई में पवित्र मिस्सा पूजा की गई फादर जेवियर ने अपने आशीष वचनों में कहा कि हम अपने विश्वास में दृढ़ रह कर ही धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यों को अच्छी तरह से कर सकते हैं, कहा कि खीस्त के देह धारण के 2025 वर्षों का जुबली सभी लोगों के जीवन में आशा प्रदान करें, सभी का विकास हो। कल की बात समाप्त हो गई है हमे नवीनीकरण करना है। हम विश्वास आशा अधिकार के ज्वाला प्रज्वलित करें, यीशु में विश्वास को मजबूत करें तो हमें सफलता जरूर मिलेगा। परिवार व मानव समाज को सफलता मिलेगा कहा हम मिल कर विकास के लिए आगे आये। दो दिवसीय अधिवेशन में रोजगार की संभावना धर्म सिद्धांत, विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।मौके पर रोजालिया शांता कांडुलना जिला परिषद सदस्य जलडेगा, फादर जेवियर सह डीन फादर अनूप कुजूर, फादर अनिल बड़ा, फादर राजेन सोरेंग, फादर आरगेट हेरमन, फादर गुलाब लुगुन और बहुत सारे पुरोहित गण के अलावा सिस्टर आश्रिता धर्म बहने जलडेगा भिखारियट के समिति गण उपस्थित थे।

## रामनवमी मेला महासमिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बने प्रनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में राम नवमी मेला महासमिति का गठन करने को लेकर ग्रामीणों की बैठक रविवार को हुई।बैठक मुखिया निर्मला देवी,कांशी महतो की अध्यक्षता में व संचालन दांगी समाज प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर दांगी ने किया।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने झांकी प्रस्तुति को लेकर बारी बारी से जानकारी दिया।साथ ही मंगला जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से प्रणाथ दांगी को महा समिति का अध्यक्ष मनोनयन किया गया।बैठक में महादेव दांगी,राजू लाल वर्मा, निरंजन दांगी,शिक्षक अनिल कुमार, दिलीप कुमार सिंहा, विजय दांगी, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, समाजसेवी राजेश कुशवाहा, देवनारायण दांगी, कविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, देवदीप पासवान, मनोज व्यापारी समेत अन्य मौजूद थे।

# सनातन संस्कृती महासम्मेलन एवं 51 कुण्डीय राष्ट्रीय उत्थान महायज्ञ को लेकर गुरुकुल शांति आश्रम में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 30 मार्च 2025 को सनातन संस्कृती महासम्मेलन एवं 51 कुण्डीय राष्ट्रीय उत्थान महायज्ञ को लेकर गुरुकुल शांति आश्रम में ओम प्रकाश सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए एवं सभी ने इस महायज्ञ को वृहत और सफल बनाने को लेकर अपने-अपने विचार देते हुए संकल्प लिए एवं इस निमित्त कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसके लिए अलग-अलग समितियां बनाकर जिम्मेवारियां दी गई। 25 मार्च से ही गुरुकुल शांति आश्रम में प्रत्येक दिन भंडारा चलेगी, एवं 30 मार्च 2025 को सुबह 6:30 बजे शंख नदी से कलश शोभा यात्रा निकलेगी जो कि गुरुकुल शांति आश्रम में पहुंचेगी एवं उसके उपरांत आश्रम परिसर में ही एकदिवसीय वेदमंत्रो के उच्चारणों के साथ 51 कुंडीय महायज्ञ प्रारंभ होगी जो की दोपहर 2:00 बजे तक चलेगी। इस महायज्ञ पर शहरी क्षेत्र के अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों लोगों की इस महायज्ञ पर उपस्थिति रहेगी और सभी एक जुट होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यहाँ भंडारा के साथ-साथ फलाहार की भी व्यवस्था रहेगी। सभी 51 कुण्ड में बाहर से आ रहे प्रसिद्ध पुरोहितों के द्वारा हवन कराई जाएगी। आचार्य शरण चंद्र आर्य ने कहा कि नवीन समांतर एवं आर्य समाज के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं,और इस 51 कुंडीय महायज्ञ पर अधिक से अधिक सनातनी लोग उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दें। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज 196853125 वर्ष पूर्व सृष्टि का प्रारंभ हुआ था और बहुत ही हर्ष का विषय है कि अपने शहर के गुरुकुल शांति आश्रम में 30 मार्च को वृहद रूप से महायज्ञ का कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है इसमें सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सनातन धर्म वासी उपस्थित होकर विश्व की शांति हेतु यज्ञ में आहुति दे। धन्यवाद ज्ञापन संदीप कुमार गुप्ता ने किया। आज की बैठक पर आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद खत्री, लाल नवल नाथ शाहदेव, मनोज दास, श्री चंद्र प्रजापति, शिवशंकर सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, सरोज प्रजापति, लाल ओंकारनाथ सहदेव, कंवलजीत सिंह, दीपक सर्राफ, मनोज कुमार गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, विनोद सिंह, किशोर बंका, दिलीप कुमार(ब्बलू) साहू, रामकृष्ण महतो, हेमंत कुमार सिंह, अनिल कुमार पांडे, ब्रज सिंह, रविंद्र दत्ता, प्रवीण कुमार भारती, पप्पू कुमार साहू, भूषण प्रसाद, अभय भारती, दिलीप कुमार साहू, अशोक कुमार ठाकुर, गणेश कुमार शास्त्री, विनोद कुमार साहू, श्यामसुंदर कुमार, प्रदीप हिंद, शिव शंकर सिंह, मिथिलेश प्रजापति, अमर प्रसाद, राजवीर चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, अनुग्रह कुमार, अतुल सराफ, शंकर कुमार, बिहारी आर्य, सुमित राय, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार साहू, आशीष कुमार, महादेव जी आदि थे।

## लोहरदगा जिले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन : हिमांशु कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में सुप्रीम कोर्ट ने संपूर्ण भारत में आदेश जारी करते हुए यह नियम बनाया है कि ध्वनि विस्तारक यंत्र किसी भी धार्मिक स्थलों में पर्व त्यौहार और निजी उत्सवों जैसे शादी - विवाह आदि में 45 से 55 डेसिबल तक की ही अनुमति देता है साथ ही सुबह 6:00 बजे से देर रात 10:00 तक ही बजाने का प्रावधान है परंतु इसका पालन राज्य सरकारों और जिला प्रशासन के द्वारा कितनी मुस्तैदी से की जा रही है इसका उदाहरण लोहरदगा में सहज ही देखा जा सकता है यह सिर्फ इस जिले की ही बात है अपितु प्रायः सभी वैसे राज्य और जिले हैं जिसमें इस आदेश का घोर उल्लंघन किया जाता रहा है। लोहरदगा जिला को ही लें तो यहां इस ऐतिहासिक फैसले की जितनी अवहेलना किया जा रहा है जितनी कल्पना तक नहीं की जा सकती है ऐसा प्रतीत होता है कि यह नियम से यह जिला परे है जो कहीं से भी संवैधानिक नहीं है। सुबह होते ही विभिन्न धार्मिक स्थलों में चोंगा बांध कर पूरे शोर से बजाया जाता है जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन है जिससे धार्मिक स्थलों के आस -पास के लोग बहुत ही परेशान देखे जाते हैं। ध्वनि प्रदूषण से इनके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है साथ ही उच्च रक्तचाप, बहरापन, माइग्रेन, तनाव, नींद में खलल पड़ना, चिड़चिड़ापन आदि विभिन्न रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं जिसका सीधा असर गंभीर रोगियों, बच्चों और वृद्धजनों पर पड़ रहा है पर प्रशासन इसे संज्ञान में लेने के बजाय इस ओर से गंभीर दिखाई देती प्रतीत नहीं होती। कहीं कहीं तो लगातार धार्मिक स्थलों में 2 से 4 घंटे सुबह और शाम पूरे साउंड में चोंगे बजाए जाते हैं। पर्व त्यौहार पर ये सिलसिला चौबीसों घंटे का हो जाता है । लोगों को समझना होगा कि इस प्रकार हम खुद रोगों और तनाव को निमंत्रण दे रहे हैं जो हमारे आने वाली भावी पीढ़ी को भी अपने चपेट में निश्चित तौर पर लेगा । हमें समझना होगा कि धार्मिक स्थलों पर चोंगा बजाना प्रतिबंधित नहीं है पर समय और उसके तीव्रता पर ध्यान देने पर ही हम इस समस्या से निजात पाने में सफल होंगे वैसे भी आज के आधुनिक युग में ध्वनि प्रदूषण एक विकराल समस्या बन कर उभरी है।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक में दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई और उनका अनुपालन का निर्देश दिया गया। जिला के अधिसूचित पर्यटन स्थलों में सिक्योरिटी गार्ड और सफाई कर्मी की नियुक्ति करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को पुनः स्मार दिये जाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। पर्यटन स्थलों में साइनेज लगाये जाने का कार्य जल्द पूर्ण करने, प्रस्तावित पर्यटन केंद्रों की सूची राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। वीर बुधू भगत शहादत स्थल के पास शहीद रूनिया व झुनिया के शहादत स्थल को अधिसूचित किये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को पुनः भेजे जाने का निर्देश दिया गया। धरधरिया जलप्रपात के पास शहीदों का स्मारक लगाये जाने का निर्देश दिया गया। जिला में तैराकी के प्रशिक्षण हेतु स्विमिंग पूल का निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर कार्य प्रारंभ कराने,पर्यटकों के लिए जिला में कैंपिंग स्पॉट चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पर्वतारोहियों के लिए ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने का निदेश दिय गया। आज की बैठक में माननीय सांसद (लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र) के निजी सचिव आलोक साहू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं जिला उद्यान विभाग लोहरदगा के सहयोग से सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन भैंसमुदो,भंडरा में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिप प्रज्वलित कर पंचायत समिति सदस्य उदरंगी अनीता पन्ना एवं जिला उद्यान विभाग के सत्य प्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्ण सिंह, राधाकांत गिरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य अनीता पन्ना ने कहा की मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी और आत्मनिर्भर बन सकेगी। आज लोग ज्यादा नौकरी पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो नौकरी छोड़ व्यवसाय में जुड़ रहे हैं। ऐसे में गांव में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ना निश्चित तौर पर स्वालंबन की ओर आगे बढ़ाना है, सत्य प्रकाश ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके बाद सरकार के द्वारा समूह चलाने के लिए कार्यशील पूंजी दिया जाएगा। साथ ही जब समूह तैयार हो जाए उसके बाद व्यवसाय हेतु बैंक से जोड़कर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करने में विभाग से आगे सहयोग किया जाएगा। साथ ही मधुमक्खी पालन शुरू होने के बाद बाजार के भी व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जाएगा। सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र भ्रमण कर मधुमक्खी पालन का प्रयोगीक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र रांची के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रमुख राधाकांत गिरि एवं मनी टोपनो के द्वारा 7 दिन तक महिलाओं को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांति देवी, विरसमणी देवी, निर्मला देवी, बचनी देवी, बालू महली, सरिता देवी अंजू पन्ना सरिता उरांव, कमला उरांव, सुषमा उरांव सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी 25 महिलाएं उपस्थित थी।

### चलते चलते एक नजर

## आदिवासी विधायकों का प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर किया विरोध प्रदर्शन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिरम टोली चौक स्थित सरना स्थल की लगभग 31 डीसमील जमीन अधिग्रहण कर मेकन सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप को लेकर अब विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के कुछ आदिवासी सदस्यों ने सड़क पर उतरकर आदिवासी विधायकों का प्रतीकात्मक शवयात्रा भी निकाला । केंद्रीय सरना समिति के लोगों का कहना है कि रैंप में हमारा सरना स्थल की जमीन जा रही है, जो उचित नहीं है, इस पर बदलाव किया जाए। वहीं दूसरी तरफ यह भी बातें सामने आ रही है कि जहां पर रैंप उतर रहा है वहाँ तक की 31 डीसमील जमीन को जिला भूल अर्जन द्वारा अधिकरण हुआ है इसके लिए करीब 35 लाख 30,577.00 रांची जिला भू अर्जन शाखा द्वारा राशि केंद्रीय सरना समिति के नाम से आवंटन की एक रसीद भी सोसल साइट्स पर वायरल हो रही है, हालांकि इस पर सरना समिति के नेताओं ने का कहना है कि यह किसको दिया गया है या सिर्फ नोटिस है या स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। वहीं सरकार के सहयोगी पार्टी कांग्रेस के विधायक रामेश्वर उरांव भी विरोध के स्वर में शुर मिला रहे हैं।

## रिम्स के सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवान का कटेगा एक दिन का वेतन : निदेशक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने सोमवार को सुबह अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुबह 9 बजे उन्होंने देखा कि ऑनकोलॉजी, सुपरस्पेशलिटी और डेंटल कॉलेज की ओर परिसर में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड के एक भी जवान मौजूद नहीं थे। 9.35 पर प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान भी कोई जवान उपस्थित नहीं मिलें। जवानों की अनुपस्थिति से नाराज निदेशक ने उन जवानों की पहचान करते हुए उन्हें चेतावनी देते हुए, एक दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए हैं। इसकी पुनरावृत्ति होने पर इन चिन्हित जवानों को यहां से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि,अनुपस्थिति से यह प्रतीत होता है कि सुबह के जवान समय से पहले चले जा रहे हैं और दिन की ड्यूटी वाले जवान देर से आ रहे हैं। इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तमिलनाडु विधानसभा में स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव गिरा

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु को हटाने के लिए ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम का सोमवार को सदन में लाया गया प्रस्ताव गिर गया। सदन में सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगी दलों के 154 सदस्यों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि एआईएडीएमके के 63 सदस्यों ने इसका समर्थन किया।दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष अप्पावु पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने के आरोप लगे थे। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अध्यक्ष का बचाव किया।



सदन में विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने मत विभाजन पर जोर देते। आखिर में प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ और विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु को हटाने का प्रस्ताव गिर गया। एआईएडीएमके ने विधानसभा अध्यक्ष अप्पावु के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए आरोप लगाया था कि वह पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रहे हैं और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों का पक्ष ले रहे हैं। विपक्षी दल ने अध्यक्ष पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उन्हें अपनी विचारधारा रखने और मुद्दे उठाने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता तथा उनका रवैया डीएमके के प्रति पक्षपातपूर्ण रहता है। इस प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्ष के नेता एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने अध्यक्ष अप्पावु पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

# कसौधन वैश्य महिला मंच का पुनर्गठन 23 को




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच की बैठक अध्यक्ष शोभा कश्यप के नेतृत्व में रुकमणी साहू धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में 23 मार्च को होली मिलन समारोह पर चर्चा एवं नए सत्र के लिए महिला टिम का पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से महिला मंच का अध्यक्ष कंचन कश्यप को बनाया गया। सचिव अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष नमिता कश्यप, कोषाध्यक्ष निधि कश्यप, संगठन मंत्री सीमा कश्यप, संरक्षक श्याम दुलारी कश्यप, शोभा कश्यप के नाम शामिल है। बैठक में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप द्वारा युवा टीम के लिए हर्ष कश्यप अध्यक्ष, सचिव अभिषेक कश्यप को मनोनीत किया गया। बैठक में ममता कश्यप, प्रीति कश्यप, मनोरमा कश्यप, कंचन कश्यप, सारिका कश्यप, सुनयना कश्यप, सोनी कश्यप, मोना कश्यप, चंचला कश्यप आदि उपस्थित थे।

# बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 58,514 करोड़ रुपये के बजट में सरकार ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, प्राकृतिक खेती, पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। हालांकि विपक्ष ने इसे निराशाजनक करार दिया और इसे हिमाचल के इतिहास का सबसे कम ग्रोथ वाला बजट बताया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बजट पेश करने के बाद कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग का ध्यान रख रही है। आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने और आर्थिक मजबूती के लिए योजनाएं तैयार की गई हैं।



पशुपालकों और किसानों के लिए खास प्रावधान किए गए हैं। हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 90 रुपये प्रति किलो तय किया गया है। बागवानों को भी राहत देने के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा हुई है। सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी गंभीर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 67 फीसदी भूमि वन क्षेत्र के अंतर्गत आती है और इसे संरक्षित करने के लिए बजट में जरूरी प्रावधान किए गए हैं। डेयरी उद्योग और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाओं पर काम होगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हम हिमाचल को ग्रीन स्टेट बनाने के लिए पहले दिन से प्रयासरत हैं। यह बजट किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जिससे प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा।

# ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आश्रम और साधना केंद्र निर्माण के लिए भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आश्रम और साधना केंद्र के निर्माण के लिए सोमवार को खूंटी प्रखंड के एरेंडा में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के साथ प्रयागराज झांसी आश्रम की आध्यात्मिक विद्या के ज्ञाता द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी परमिंदर गोप सनोज विद्यार्थी की ओर से वैदिक हवन यज्ञ का अनुष्ठान किया गया।विहंगम योग के गुरु भाई एवं गुरु बहनों ने संकल्प लिया कि शीघ्र की उस भूमि पर साधना केंद्र और सत्संग भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज खूंटी के प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बताया कि सौभाग्य की बात है कि खूंटी में ब्रह्म विद्या विहंगम योग के साधना केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।



सद्गुरु सदाफल देवजी महाराज वर्तमान स्वामी स्वतंत्र देवजी महाराज से आशीर्वाद लेते हुए संत समाज खूंटी के गुरु भाई एवं गुरु बहनो ने संकल्प लिया कि भिक्षाटन करते हुए भी साधना केंद्र सत्संग भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय एवं गौशाला का निर्माण का प्रस्ताव है।कार्यक्रम में मुख्य यजमान विहंगम योग संत समाज खूंटी के प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप, उप प्रमुख शांति देवी, उपदेष्टा सदुरु के अनन्य शरण शिष्य महिला प्रभारी शांति विश्वकर्मा, परामर्शक बिरसू सिंह, बनर्जुजेदत टूटी, नीरा हस्सा, फूलों देवी, भुलेश्वर बैठा, झींगा उरांव, खुदेश्वर भगत, विश्वनाथ प्रमाणिक, आदित्य सेठ, धर्मराज सेवक आदि उपस्थित थे।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

एजेंसी

**कठुआ :** टाइनी स्कॉलर्स स्कूल ने पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों के लिए एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें रचनात्मकता और उत्साह को सबसे आगे लाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पीयूषा खजूरिया (केएएस), विशिष्ट अतिथि डॉ. सबाहत रफीक (सहायक प्रोफेसर), विशिष्ट अतिथि मीरा जसरोटिया और टाइनी स्कॉलर्स स्कूल की एमडी मनीषा गुप्ता मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान के प्रतीक औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्रों ने कार, डोगरी महिला, रक्त की बूंद, पेड़, मछली, शहीद भगत सिंह, झांसी की रानी और कई अन्य वेशभूषा में मंच पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। पीयूषा खजूरिया ने कार्यक्रम को सफल



बनाने के लिए छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। डॉ. सबाहत रफीक ने बच्चों के आत्मविश्वास और सार्वजनिक बोलने के कौशल को बढ़ाने में ऐसी गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। मीरा जसरोटिया ने समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल के समर्पण की सराहना की।सभा को संबोधित करते हुए एमडी मनीषा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और विद्यार्थियों को इस तरह की मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को तलाशने और सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। बाद में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विजेताओं में ग्रुप ए (कक्षा 1) प्रथम पुरस्कार देवांग, द्वितीय पुरस्कार प्रगुन कश्यप और अहाना को दिया गया, तृतीय पुरस्कार स्मायरा और आव्या जबकि सांत्वना पुरस्कार तक्ष्वी पासुलेह, प्रीति और अवीर सक्सेना को दिया गया। इसी प्रकार ग्रुप बी (कक्षा 2) में प्रथम पुरस्कार सक्षम ज्योति को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार अमायरा गुप्ता और आतिफ खान जबकि तृतीय पुरस्कार रुहान और भावेश और सांत्वना पुरस्कारू तंजील, वेदांत बनोत्रा, मितांशु वर्मा, कुमाक्षी को दिया गया।

## मत्स्य प्रत्यक्षण सह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**भागलपुर :** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा सोमवार को भागलपुर के मत्स्य प्रभाग में मत्स्य प्रत्यक्षण सह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला 17 मार्च से 19 मार्च तक चलेगा।कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी एवं पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के निदेशक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के द्वारा पुष्प , अंग वस्त्र के साथ चांदी की मछली भेंट की गई।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि मत्स्य विभाग में बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार की ओर से कई योजनाओं को लेकर राशि दी गई है। इन योजना का लाभ इस व्यवसाय से जुड़े लोगों मिले। उन तक यह जानकारी सुविधा अनुसार पहुंचे इस पर कार्य करने की जरूरत है।

# नामकुम से गिरीडीह तक राजनीति शुरू है, लेकिन चुटिया, कोतवाली थाना क्षेत्र के घटना पर सभी चुप्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** होली पर्व के दिन 14 और 15 मार्च 2 दिन खेले गए होली में झारखंड के कई जिलों में खास कर रांची राजधनवार थोडथम्बा थाना क्षेत्र में जो घटनाएं घटी है इसको लेकर राजनीतिक माहौल बनने शुरू हो गए और यह माहौल पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के द्वारा ट्वीट में विकास शाह नामक युवक की तस्वीर डाली गई थी जिसके पीठ पर पिटाई के निशान थे और इसके बाद रविवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री उड़ीसा के राज्यपाल रहे रघुवर दास राजधनवार के थोड़थंबा थाना क्षेत्र के घटनास्थल पर पहुंचे और वहां गिरिडीह एसपी को फटकार लगाई । इतना ही नहीं बाबूलाल मरांडी भी सोमवार को पहुंचे और उन्होंने भी कहा कि इस तरह की घटनाएं हो रही है इस सरकार में। रंग गुलाल से जिसे डर लगता है वह घर में बैठे। वहीं सोमवार को नामकुम थाना क्षेत्र के जोरार बस्ती निवासी सोनू मुंडा की पिटाई से मौत हो गई थी इसके घर भी पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की एवं प्रत्यक्षदर्शियों से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली। इस दौरान प्रशासन से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। नामकुम खटाल में विशेष रूप से राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव श्रमिक सेल के अध्यक्ष सुधीर गोप, नामकुम दुर्गा मंदिर अध्यक्ष मनीष राय ,कोकर दुग्ध व्यवसाई संघ के अध्यक्ष दीपक यादव, शिक्षाविद विजेंद्र यादव ,समाजसेवी शिवजनम यादव, सुनील यादव ,अमरजीत यादव ,महेंद्र यादव ,बबलू यादव आदि मौके पर पहुंच कर वार्ता किया और ताजा हालातों का जायजा लिया। और सभी ने अपने-अपने स्तर से बातें रखी और सरकार और जिला पुलिस प्रशासन को दोषी बताते हुए नजर आए । वहीं चुटिया थाना क्षेत्र के दीपक नामक व्यक्ति और कोतवाली थाना क्षेत्र के राजा नामक युवक दोनों की हत्या होली के दिन ही कर दी गई थी दीपक द के बारे में अब तक पुलिस स्पष्ट कुछ नहीं बता पाए तो वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में जो हत्या हुई बताया जाता है यह कचरा चुनने वाला युवक था और किन कारणों से इसकी हत्या हुई है अभी तक इसमें अपडेट नहीं है। लेकिन इन दोनों मृतकों के घर किसी भी राजनीतिक दल के कोई भी नेता नहीं पहुंचे हैं। जहां तक पुलिस प्रशासन की बात है तो पुलिस प्रशासन थोड़ा लचर है ही, क्योंकि कई ऐसी घटनाएं देखी गई है कि जब उन्हें सूचना दी जाती है तो इन बातों को वह इग्नोर करते हैं , जब घटना बढ़ जाती है, तब उस पर रेस होती है, यदि नामकुम थाना क्षेत्र की घटना शुक्रवार शाम को हुई थी पुलिस रेस होती तो उक्त घटना को रोकी जा सकती थी, लेकिन पुलिस रेस नहीं हुई और शनिवार को सुबह फिर झगड़ा बढ़ गई और सोनू मुंडा की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस कार्रवाई करते नजर आ रही है। इसलिए पुलिस को जैसे सूचना मिलती है, तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है तभी बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है।

# डबल इंजन की सरकार ने सहारनपुर को दी नई पहचान : सीएम योगी



एजेंसी

**सहारनपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर के वुड कार्विंग को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से वैश्विक मान्यता मिल रही है। आज दुनिया में करीब एक हजार करोड़ की कीमत के वुड कार्विंग प्रोडेक्ट का एक्सपोर्ट हो रहा है। सहारनपुर का वुड कार्विंग दुनिया के मार्केट में पहुंच रहा है। सहारनपुर को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ने के लिए कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जल्द ही सहारनपुर से दिल्ली का रास्ता मात्र पौने दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा।यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 365 उद्यमियों को ऋण वितरण में कही। उन्होंने कहा कि यहां पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निर्माण अंतिम दौर में है जबकि 10 साल पहले यहां विश्वविद्यालय का निर्माण एक कल्पना थी। वहीं मां शाकुम्भरी धाम का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। ऐसे में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। सहारनपुर में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। उस ऊर्जा के साथ जब डबल इंजन की सरकार जुड़ती है तो सहारनपुर को एक नई पहचान प्राप्त होती है। मुझे यहां के ऊर्जावान उद्यमी, युवाओं और अन्नदाता किसानों से बहुत कुछ जानने और सीखने का अवसर प्राप्त होता है।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों को ऋण का चेक, ओडीओपी के तहत वुड कार्विंग प्रोडक्ट बनाने के टूल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा उद्यमियों के लगाए गए ओडीओपी प्रोडेक्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टॉलों पर जाकर प्रोडेक्ट की जानकारी हासिल की।

## बैठक में यात्री सुविधाओं को लेकर दिए कई अहम सुझाव

**अररिया :** एनएफ रेलवे के कटिहार डिवीजन की रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्यों की हुई बैठक में समिति के सदस्य बछराज राखेचा ने यात्री सुविधाओं में सुधार,नई ट्रेनों के परिचालन,स्टेशनों पर पैसेंजर्स एमेनिटीज के विस्तार किए जाने सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से रखा।सोमवार को हुई बैठक में बछराज राखेचा द्वारा मुख्य रूप से जोगबनी-कटिहार के बीच परिचालित हो रही त्रिसाप्ताहिक 13160/59 चितपुर एक्सप्रेस को प्रतिदिन करने,आईसीएफ कोच को एलएचबी में परिवर्तित करने तथा जोगबनी से इसके प्रस्थान समय को बदले जाने की मांग रखी।उन्होंने बताया कि चितपुर एक्सप्रेस ट्रेन ईस्टर्न रेलवे द्वारा संचालित है और उन्हें इन सुझावों से अवगत करा दिया गया है।वहीं कटिहार- हावड़ा के बीच परिचालित 15711/12 वीकली एक्सप्रेस को त्रिसाप्ताहिक करते हुए इसका विस्तार जोगबनी तक करने की मांग पर कहा गया कि इस दिशा में रेलवे बोर्ड को लिखा गया है।

# कछिया गांव के मसीहा थे स्व. राजकुमार गुप्ता

## हजारों लोगों ने मिलकर की देव पूजा एवं मनाई होली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) :** ग्राम कछिया निवासी स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता के भतीजे शैलेश गुप्ता उर्फ मुन्ना बाबू एवं राकेश गुप्ता उर्फ बबलू बाबू के निवास स्थल कछिया में भव्य देव पूजन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें ग्राम- कछिया, ढ़दिया, अलका, मानपुर, अमरावतीपुर, कड़िया, डोंगरे, चलगली, रामपुर, दुआरी एवं उदारी, शारदापुर, ईपनसरा, बूढ़ाबड, बरती कला, बाझुफनगर, बसंतपुर, रूपपुर, बसुपतीपुर, मिथिलापुरी, कोटखही के ग्रामीण जनता एवं बलरामपुर जनपद से केरता, कोटकी, मानिकपुर, भुरका, गिरवरगंज, कपिलदेवपुर के ग्रामीण जनता पंच सरपंच बीडीसी के उपस्थिति में लगभग हजारों ग्रामीण ने देव पूजन एवं होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता को याद किया। साथ ही सभी ने मुन्नाजी एवं बबलू जी के साथ मिलकर होली खेले। साथ में भोजन



किया तथा सभी ग्राम के सभी नवनिर्वाचित सरपंच, बीडीसी एवं वरिष्ठ जनता को शाल देकर सम्मानित किये। यह कार्यक्रम भव्य रहा। उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि कुमारी खुशबू सरपंच कछिया, रामचंद्र उप सरपंच कछिया, जहन सिंह सरपंच अलका, देवलाल सिंह सरपंच मनका, रामलखन सरपंच शारदापुर, श्रीमती जिरमन सरपंच ओदारी, राजेश्वर सरपंच रामपुर, देवचन्द सरपंच अमरावतीपुर, बैजू बीडीसी डोंगरो, नागेंद्र बीडीसी अलका,बलरामपुर जनपद से ईश्वर सरपंच केरता, मंगल राम सरपंच मानिकपुर, अनिल सरपंच कोटरकी, मुरका सरपंच, देववरन गीरवर गंज सरपंच, संस्कृति रकसेल बीडीसी कपिल देव कुसमी सिंह एवं बुधदेशव सिंह,अजय जोगिंदर, लखन, धर्मकीत सिंह, संदीप, आशीष, कमलेश कलेक्टर अंबिका, पंकज, बुद्धिनारायण, महेंद्र, लालजी सिंह, राजेंद्र, जगदेव, शिव शंकर, विजय ,जगदेव सिंह, राजेंद्र पटेल, राय सिंह, रामचंद्र, बलराम, अशोक गुप्ता,रामनारायण, पंकज, अजय यादव, मनोज यादव, राम सिंह, शकिन्दर गुप्ता, रामनाथ फुलसाय, श्याम, अनंत राम, शिव शंकर ,गोरेलाल, श्यामलाल, राजू, सुमंत पटेल, आनंद पटेल, पंडा पेसरा एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित हुए।